ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 19 जून 2024
वर्ष 5, अंक 213, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

हम तैयार, कुछ खास करने की उत्सुकता 13

जूनियर एनटीआर-जाह्नवी थाईलैंड में शूटिंग करेंगे 14

चौथे दिन तेजी, सेंसेक्स निफ्टी का नया रिकॉर्ड

मुंबई, एजेंसी

- सेंसेक्स ने 77,366.77 अंक के नए उच्चतम स्तर को छुआ

वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के बीच घरेलू स्तर पर बैंक और आईटी सेक्टर के शेयरों में लिवाली से मंगलवार को दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी अपने अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए।

कारोबारियों ने कहा कि विदेशी निवेश प्रवाह बढ़ने से भी निवेशकों की धारणा को बल मिला। यह बाजार में तेजी का लगातार चौथा सत्र रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 308.37 अंक यानी 0.40 प्रतिशत चढ़कर 77,301.14 अंक के नए शिखर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स ने 374 अंक उछलकर 77,366.77 अंक के नए उच्चतम स्तर को छू लिया था। निफ्टी भी 92.30 अंक यानी 0.39 प्रतिशत बढ़कर 23,557.90 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 23,579.05 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था।

मिल्क प्लांट में गैस रिसाव, दम घुटने से एक की मौत

आगरा। आगरा में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां दूध प्लांट में अमोनिया गैस का रिसाव हो जाने से इलाके में भगदड़ मच गई। हादसे में एक कर्मचारी की मौत हो गई। बताया गया कि घटना के समय प्लांट में पांच कर्मचारी अंदर मौजूद थे। वहां से चार कर्मचारी भागने में सफल रहे। वहीं, एक कर्मचारी बेहोश होकर जमीन पर गिर गया और उसकी मौत हो गई। अमोनिया गैस रिसाव की खबर फैलते ही आसपास के इलाके में भी भगदड़ मच गई। सूचना पर पहुंचे जिला प्रशासन के अधिकारियों ने इलाके को खाली कराया गया।

एकेटीयू के बैंक खाते से उड़ाए 120 करोड़, सात गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : जालसाजों ने अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एकेटीयू) के बैंक खाते में सेंध लगाते हुए 120 करोड़ रुपये उड़ा लिए। साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने इसका खुलासा करते हुए यूपी और गुजरात के सात जालसाजों को गिरफ्तार किया और विवि के खाते में 99 करोड़ रुपये वापस कराए। गिरोह के मास्टरमाइंड समेत पांच अन्य की तलाश की जा रही है। गिरोह का तार अहमदाबाद और सूरत से जुड़े हैं।

डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह के मुताबिक, एक जालसाज फर्जी बैंक अधिकारी बनकर एकेटीयू के अधिकारियों को 7.72 प्रतिशत ब्याज दिलाने का झांसा दिया। फिर बैंक में एकेटीयू का अफसर बनकर पहुंचा और एक साथ 300 करोड़ रुपये की एफडी कराने की बात कही। दोनों तरफ से रजामंदी होने के बाद यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की बापू भवन शाखा में एकेटीयू का खाता खोलकर 120 करोड़ जमा करा दिए। रकम खाते में आने के बाद से 100 करोड़ रुपये गुजरात के अहमदाबाद के एक ट्रस्ट में ट्रांसफर कर दिए। इस रकम में 1.20 करोड़ जालसाजों ने निकाल भी लिये।

ये हुए गिरफ्तार : उन्नाव हसनगंज के पानापुर खुर्द मलकादीन का राजेश बाबू, मानसरोवर योजना कानपुर रोड निवासी गिरीश चंद्र, अमेठी के मुसाफिरखाना सहित अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

बैंक अधिकारी बन एकेटीयू के अधिकारियों को 7.72 प्रतिशत ब्याज का दिया ऑफर

- एकेटीयू के अकाउंट अफिसर बन बैंक को एफडी का दिया लालच
- फर्जी मेल आईडी बनाकर दोनों जगह भेजा ऑफर लेटर

असली कागज पर खेला फर्जीवाड़े का खेल

जालसाजों ने बैंक और एकेटीयू के असली कागजों का सहारा था। एकेटीयू से 120 करोड़ की एफडी कराने के लिए असली पत्र हासिल किया। वहीं, एकेटीयू में बैंक अधिकारी बनकर अधिक ब्याज देने का असली पत्र हासिल किया। इतना ही नहीं, खाते के संचालन के लिए एक व्यक्ति को नामित भी कराया।

बनाए दो फर्जी ई-मेल

फर्जीवाड़े के लिए जालसाजों ने दो ई-मेल बनाए। एकेटीयू को मेल करने के लिए बैंक का फर्जी मेल आईडी ubin0803448@unionbanks.co.in बनाया और एकेटीयू के मेल आईडी fo@aktu.ac.in पर ऑफर लेटर भेजा। वहीं, एकेटीयू की फर्जी मेल आईडी fo@aktufinance.in बनाकर बैंक की आईडी ubin0803448@unionbankofindia.bank पर मेल किया।

60 साल में पहली बार हैट्रिक

वाराणसी में किसान सम्मेलन में बोले मोदी- मां गंगा ने मुझे गोद लिया

किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त की जारी

- लोकसभा चुनाव जीतने के बाद पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र पहुंचे मोदी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

बनारस में किसान सम्मान सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रतीक चिह्न देते मुख्यमंत्री।

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव के बाद मंगलवार को पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचे। इस दौरान आयोजित किसान सम्मान सम्मेलन में बटन दबाकर सम्मान निधि की 17वीं किस्त के रूप में 20 हजार करोड़ से ज्यादा की राशि देश भर के 9.26 करोड़ किसानों के खाते में हस्तांतरित की। देश भर से आईं कृषि दीदियों को प्रमाणपत्र भी सौंपा। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने उन्हें तीसरी बार लोकसभा भेजने के लिए वाराणसी के लोगों का अभार जताते हुए कहा, अब तो मां गंगा ने भी मुझे जैसे गोद ले लिया है, मैं यहीं का हो गया हूं।

मोदी ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए भोजपुरी भाषा में अपने भाषण की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि, चुनाव जीतले के बाद आज हम पहली बार बनारस आयल हईं। काशी के जनता जनार्दन के हमार प्रणाम। उन्होंने कहा कि इस चुनाव ने एक नया इतिहास रचा है। दुनिया के लोकतांत्रिक देशों में ऐसा बहुत कम ही देखा गया है कि कोई चुनी हुई सरकार लगातार तीसरी बार वापसी करे। ऐसा भारत में 60 साल पहले हुआ था और अब आपने ये सौभाग्य अपने सेवक मोदी को दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस चुनाव में देश के 64 करोड़ से ज्यादा लोगों ने मतदान किया है। पूरी दुनिया में इससे बड़ा चुनाव कहीं और नहीं होता है। इस चुनाव में 31 करोड़ से ज्यादा महिलाओं ने हिस्सा लिया है। ये संख्या अमेरिका की पूरी आबादी के आसपास है। उन्होंने बताया कि अभी तक देश के करोड़ों किसान परिवारों के बैंक खाते में सवा तीन लाख करोड़ रुपए जमा हो चुके हैं। यहां वाराणसी जिले के किसानों के खाते में 700 करोड़ रुपए जमा हुए हैं। वाराणसी के मेहंदीगंज में आयोजित इस कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी, केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान व अन्य मंत्री और जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

दुनिया भर में स्वदेशी फूड प्रोडक्ट पहुंचाने का सपना

प्रधानमंत्री के मुताबिक, 21वीं सदी के भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनाने में पूरी कृषि व्यवस्था की बड़ी भूमिका है। हमें ग्लोबल मार्केट को ध्यान में रखना होगा। दलहन और तिलहन में हमें आत्मनिर्भर बनना है और कृषि निर्यात में अग्रणी बनना है। मेरा तो सपना है कि दुनिया की हर डाइनिंग टेबल पर भारत का कोई न कोई खाद्यान्न या फूड प्रोडक्ट होना ही चाहिए।

मोदी ने भारत को दुनिया में दिलाई नई पहचान: योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 62 वर्ष के बाद पहली बार यह अवसर आया है, जब देश के किसी राजनेता ने अपने कार्यों के बल पर प्रत्येक तबके के जीवन में व्यापक परिवर्तन किया और लोकप्रियता के आधार पर लगातार तीसरी बार विजय प्राप्त कर प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कार्यों से भारत को दुनिया के अंदर नई पहचान दिलाई है। उनके नेतृत्व में एक तरफ हम नए भारत का दर्शन कर रहे हैं तो दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ते हुए कार्य कर रहा है।

प्रदेश में लू से दरोगा व हेड कांस्टेबल समेत 63 की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर/अयोध्या

अमृत विचार : लू की चपेट में आने से मंगलवार को प्रदेश में 63 और लोगों की मौत हो गई। इनमें बांदा के 12, महोबा के 6, कानपुर देहात के 4, हमीरपुर के 3, उरई, फतेहपुर, कन्नौज में 1-1 और कानपुर में 16, अयोध्या में 6, प्रयागराज में 8, नैनी में 2, प्रतापगढ़ और कौशाम्बी में 1-1, हरदोई में 1 व्यक्ति की मौत हो गई।

मरने वालों में एक दरोगा और एक हेड कांस्टेबल भी है। कानपुर में झांसी के समथर थाना निवासी और पुलिस लाइन में तैनात हेड कांस्टेबल बृज किशोर सिंह और झांसी के पुंछ थाने में तैनात कानपुर देहात के ग्राम सिंगरसीपुर निवासी दरोगा मानेंद्र सिंह की लू लगने से जान चली गई।

कन्नौज के गुरसहायगंज और कानपुर के नानाराव पार्क में सैकड़ों चमगादड़ों की मौत हो गई। वहीं, अयोध्या में दो महिला समेत पांच लोगों का अलग-अलग स्थानों पर शव मिले हैं, जबकि पुलिस लाइन में तैनात सिपाही कुलदीप सिंह (40) की बैरक में मौत हो गई। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हार्टअटैक से मौत की बात कही जा रही है। इसके अलावा नयाघाट पुलिस चौकी सहित अलग-अलग जगहों पर दो महिला समेत पांच लोगों के शव मिले हैं।

शहरों का अधिकतम तापमान

उरई	46.4	आगरा	45.2
कानपुर	46.3	फतेहगढ़	45.1
अलीगढ़	45.4	बस्ती	44.5
लखनऊ	45.3	बरेली	44.2

- कन्नौज और कानपुर में सैकड़ों चमगादड़ भी मरे, अयोध्या में भीषण गर्मी से सिपाही समेत छह की मौत

तीन दिन तक राहत के आसार नहीं, सबसे गर्म रहा उरई

लखनऊ। 30-35 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही लू की चपेट में पूरा प्रदेश मंगलवार को भी झुलसता रहा। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो अगले तीन दिन तक राहत के आसार नहीं हैं। मंगलवार को प्रदेश में सबसे अधिक गर्म उरई रहा जहां अधिकतम तापमान 46.4 डिग्री रिकार्ड किया गया। वहीं पिछले दो दिन से 47 डिग्री से अधिक तामपान से झुलस रहे प्रयागराज में बीते दिन के मुकाबले 5 डिग्री कम 42.5 डिग्री अधिकतम तापमान रिकार्ड किया गया। अलबत्ता प्रदेश में सबसे गर्म रात प्रयागराज की ही रही। दूसरा सबसे गर्म जनपद कानपुर देहात रहा, जहां तापमान 46.3 डिग्री सेल्सियस रहा। लखनऊ का अधिकतम तापमान 45.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक एम दानिश के तीन दिन बाद तापमान में कमी आने के आसार हैं।

एक नजर

अयोध्या एयरपोर्ट को मिला साढ़े चार साल का लाइसेंस

अयोध्या। डीजीसीए ने अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट को साढ़े चार साल का लाइसेंस दिया है। डायरेक्टर विनोद गर्ग ने बताया कि अभी तक एयरपोर्ट के पास छह महीने का ही लाइसेंस था, जिसकी समयावधि 13 जून तक ही थी। प्रधानमंत्री ने 30 दिसंबर को एयरपोर्ट का लोकार्पण किया था। अयोध्या-हैदराबाद बंद हुई स्पाइस जेट फ्लाइट की जगह अब अकासा ने उड़ान शुरू कर दी है।

बिहार में बना नवनिर्मित पुल का हिस्सा ढहा

बिहार। अररिया जिले के परारिया गांव में बकरा नदी पर 10 करोड़ की लागत से तैयार नवनिर्मित पुल का एक हिस्सा मंगलवार को ढह गया। इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। इस पुल को जनता के लिए अभी नहीं खोला गया था।

मां की हत्या कर बेटे ने खेत में दफनाया शव

संवाददाता,एटा

- मां के चरित्र पर शक करता था बेटा, 13 जून को हत्याकर दोस्तों की मदद से शव खेत में दफनाया

अमृत विचार: बेटे ने मां की गला दबाकर हत्या कर दी और लाश को चरी के खेत में दफना दिया। सौतेले बेटे ने पुलिस से शिकायत की तो मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने हत्यारोपी पुत्र को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर खेत से शव बरामद कर लिया। उसने मां के चरित्र पर शक होने के चलते हत्या की बात कही है।

सकरौली थाना क्षेत्र के गांव धर्मपुर निवासी गंगा सिंह ने तीन शादियां की थीं। पहली शादी श्रीदेवी से की, जिससे एक बेटा हरपाल सिंह हुआ। श्रीदेवी की मृत्यु के बाद गंगा सिंह ने दूसरी शादी सुधा के साथ की। सुधा की मृत्यु के बाद तीसरी शादी सीमा देवी (40) के साथ की थी। सीमा से एक बेटा रमाशंकर और चार बेटियां हैं। गंगा सिंह की करीब तीन साल पहले मृत्यु हो गई। 13 जून को सीमा लापता हो गई। सौतेले बेटे हरपाल सिंह को रमाशंकर पर शक हुआ तो उसने सोमवार को पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने रमाशंकर को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उसने मां की हत्या की बात कुबूल की।

राहुल गांधी ने वायनाड सीट से दिया इस्तीफा

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने केरल की वायनाड लोकसभा सीट से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश की रायबरेली सीट अपने पास रखी है। लोकसभा सचिवालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है, जो 18 जून से प्रभावी माना जाएगा। राहुल द्वारा जीती गई दो सीटों में से एक से इस्तीफा देने के बाद, निचले सदन में कांग्रेस की सीट संख्या अब 98 हो गई है।

एमएलए पोर्टल से होंगे विधायक निधि के कार्य

विशेष

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : जल्द विधायक अपनी निधि के कार्य पत्राचार की बजाय डिजिटल करेंगे। ग्राम्य विकास विभाग ने एमएलए एलएडीएस (मेंबर ऑफ लेजिस्लेटिव असेंबली लोकल एरिया डेवलपमेंट स्कीम) पोर्टल बनाया है।

इस पर विधायक विकास कार्यों के प्रस्ताव की अनुशंसा करेंगे, जो अब तक पत्राचार द्वारा किया जाता है। पोर्टल से समय की बचत के साथ पारदर्शिता आएगी। साथ ही विधायक, कार्यदायी संस्था व जिला ग्राम्य विकास अभिकरण की जवाबदेही होगी। क्योंकि अनुंशसा से लेकर कार्य पूर्ण होने तक की पूरी प्रक्रिया पोर्टल से होगी।

इसमें अधिकारी, कार्यदायी संस्था के साथ माननीय अनदेखा या प्रक्रिया लंबित रखते हैं तो जवाब देना होगा। इस पोर्टल से जनता भी कार्यों की स्थिति जान सकेगी।

इतना ही नहीं, यह भी पता नहीं चल पाता कि कौन-सी एजेंसी या ठेकेदार काम करवा रहा है, लेकिन नई वेबसाइट पर इसकी भी जानकारी होगी पोर्टल से समय की बचत के साथ पारदर्शिता आएगी।

- पोर्टल का प्रशिक्षण और परीक्षण शुरू, दो माह बाद होगा लागू
- विधायक डिजिटल करेंगे विकास कार्यों की अनुशंसा

मिलेगी लॉगिन आईडी, पीडी करेंगे फारवर्ड

पोर्टल पर काम करने के लिए विधायक, परियोजना निदेशक (पीडी) जिला ग्राम्य विकास अभिकरण व कार्यदायी संस्था को एक-एक लॉगिन आईडी मिलेगी। इससे विधायक अनुशंसा कर प्रस्ताव पीडी की लॉगिन पर भेजेंगे जो मुख्य विकास अधिकारी को स्वीकृति के लिए फारवर्ड करेंगे और स्वीकृति मिलने पर पीडी कार्यदायी संस्था को भेजेंगे। स्वीकृति, इस्टीमेट, भुगतान संबंधित सभी काम इसी तरह होंगे।

> विधायक निधि के जो भी कार्य हैं वह पोर्टल से हेंगे। अनुशंसा, स्वीकृति, इस्टीमेट, खरीद, भुगतान संबंधित अन्य कार्यों की प्रगति पोर्टल पर दिखेगी। इससे समय बचेगा और पारदर्शिता आएगी। करीब दो माह में पोर्टल लागू हो जाएगा।
>
> – राजेश त्रिपाठी, उपायुक्त, ग्राम्य विकास मुख्यालय

पहला राज्य होगा यूपी

पत्राचार की बजाय ऑनलाइन विधायक निधि के कार्यों वाला उत्तर प्रदेश पहला राज्य होगा। दो माह में पोर्टल लांच कर कामकाज होने लगेंगे। मंगलवार को ग्राम्य विकास मुख्यालय में परियोजना निदेशक को पोर्टल का प्रशिक्षण दिया गया। जो कर्मचारियों को प्रशिक्षित करेंगे। इसी तरह विधायकों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

यूपी बोर्ड : बदलेगा 9वीं व 10वीं का परीक्षा प्रारूप

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- प्रस्तावित नया प्रारूप तैयार, माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव ने मांगे ईमेल पर सुझाव
- वेबसाइट पर अपलोड की गई कॉपी, 29 जून तक सुझाव देने का मौका

अमृत विचार : माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से 9वीं व 10वीं के परीक्षा प्रारूप में बदलाव किया जाएगा। ये बदलाव नई शिक्षा नीति 2020 के क्रम में होगा। मंगलवार को इसके लिए नया प्रारूप जारी कर दिया गया है। इसकी कॉपी भी माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। नये प्रारूप को लेकर सचिव परिषद दिब्यकांत शुक्ला ने बताया कि 9वीं और 10वीं के परीक्षा में नई शिक्षा नीति के तहत किए जा रहे बदलाव के लिए ईमेल पर सुझाव मांगे गए हैं। परीक्षा का वर्तमान प्रारूप और बदले हुए प्रारूप का संभावित प्रारूप जारी किया गया है। इसकी एक कॉपी परिषद की वेबसाइट upmsp.edu.in पर अपलोड कर दी गई है। सचिव ने बताया कि परिषद की ईमेल upmspncf2023@gmail.com पर सभी लोग अपने-अपने सुझाव दे सकते हैं। इसके लिए 29 जून तक मौका दिया गया है।

सुनवाई नीट यूजी 2024 मामले में याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने की सुनवाई, कहा- 0.001 फीसदी भी लापरवाही हुई हो तो कार्रवाई करे सरकार

धोखाधड़ी करने वाला डॉक्टर बन जाए तो समाज के लिए अधिक हानिकारक

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने नीट यूजी 2024 को रद्द कर इसे दोबारा कराने की मांग वाली याचिका पर मंगलवार को सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि वह छात्रों की तकलीफ समझती है। इसलिए केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से कहा कि भले ही किसी की ओर से 0.001 फीसदी भी लापरवाही हुई हो, उसे स्वीकार करें और विद्यार्थियों में आत्मविश्वास जगाने के लिए उचित समय पर उचित कार्रवाई कर इस मामले को पूरी तरह निपटाया जाए। कोर्ट ने मामले में केंद्र और एनटीए को नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने को कहा।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने ये टिप्पणियां करते हुए केंद्र और एनटीए के अधिवक्ता से कहा ऐसी स्थिति की कल्पना करें, अगर धोखाधड़ी करने वाला कोई व्यक्ति डॉक्टर बन जाए तो वह समाज के लिए और अधिक हानिकारक होगा। हम जानते हैं कि ऐसी परीक्षाओं की तैयारी में कितनी मेहनत लगती है। हम समय पर कार्रवाई चाहते हैं। शीर्ष अदालत ने 5 मई 2024 को परीक्षा आयोजित कर 4 जून 2024 को परिणाम घोषित करने वाली एनटीए को नसीहत देते हुए कहा एक एजेंसी के रूप में आपको निष्पक्षता से काम करना चाहिए। यदि कोई गलती हुई है तो हां कहें, यह एक गलती है और हम यह कार्रवाई करने जा रहे हैं। कम से कम यह आपके काम में विश्वास जगाता है।

24 लाख ने दी थी परीक्षा

नीट में करीब 24 लाख विद्यार्थी शामिल हुए थे। सफल घोषित कई विद्यार्थियों के अंकों में बढ़ोतरी के आरोप लगाते हुए कई याचिकाओं में कहा गया था कि अनियमितता की वजह से रिकॉर्ड 67 उम्मीदवारों ने शीर्ष रैंक हासिल की है। इनमें एक ही परीक्षा केंद्र के छह उम्मीदवार शामिल हैं।

नीट अभ्यर्थी ने जाली दस्तावेज प्रस्तुत किये थे, एनटीए कानूनी कार्रवाई करने को स्वतंत्र : अदालत

लखनऊ। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने मंगलवार को कहा कि उस नीट अभ्यर्थी ने जाली दस्तावेज प्रस्तुत किए थे, जिसने अपनी याचिका में आरोप लगाया था कि एनटीए उसका परिणाम घोषित करने में विफल रही और उसकी ओएमआर उत्तर-पुस्तिका फटी हुई पाई गई। अदालत ने कहा कि एनटीए इस मामले में कानूनी कार्रवाई कर सकती है। उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के निर्देश पर एनटीए ने छात्रा की मूल ओएमआर उत्तर-पुस्तिका पेश की, जो सही-सलामत पाई गई। इसके बाद, अदालत ने यह टिप्पणी की। यह आदेश न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान की अवकाशकालीन पीठ ने छात्रा आयुषी पटेल की याचिका पर पारित किया। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी, जिसे अदालत ने स्वीकार करते हुए याचिका खारिज कर दी। याचिका में मांग की गई थी कि याचिकाकर्ता की ओएमआर शीट का मूल्यांकन किया जाए, केंद्र सरकार को एनटीए के खिलाफ जांच का आदेश दिया जाए और मौजूदा याचिका के लंबित रहने तक काउंसलिंग रोकी जाए।

फाल्ट होने से घंटों ठप रही बिजली

पीलीभीत, अमृत विचार: जिले में भीषण गर्मी के चलते बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। मंगलवार को माधोटांडा, रमनगरा और सकरिया फीडर से जुड़े इलाकों में बिजली घंटों ठप रही। अन्य इलाकों में भी कई जगह फाल्ट हुए।मंगलवार को माधोटांडा विद्युत उपकेंद्र से कस्बे के अलावा रमनगरा इलाके में बिजली आपूर्ति दी जाती है। जर्जर लाइनों के चलते आपूर्ति का बुरा हाल है। वार्ड नंबर तीन के ग्रामीणों के अनुसार दो दिन में 10 से अधिक फॉल्ट हो चुके हैं। मंगलवार को हाईटेंशन लाइन का तार टूटने से दोपहर 12 बजे बिजली गायब हुई, जो शाम तक नहीं आई। इससे लोग बेहाल हो गए। रमनगरा के ग्रामीणों का कहना है कि तीन दिन पूर्व ट्रांसफार्मर फुंक गया था। तब से करीब 80 घरों की आपूर्ति ठप है। आरोप है कि अफसर शिकायतें सुनने के बजाय धमकाने की कोशिश करते हैं। वहीं सकरिया क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि पिछले तीन दिन से फीडर में फॉल्ट की दिक्कत बनी हुई। अवर अभियंता पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि माधोटांडा में हाईटेंशन लाइन का तार टूटने से आपूर्ति प्रभावित रही थी। रमनगरा में फुंके ट्रांसफार्मर को बदलवाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

जिले के आठ गांवों में पंचायत भवन बनने की जगी आस, जमीन मिली

जल्द शुरू कराया जाएगा निर्माण, छह अन्य ग्राम पंचायतों के लिए जमीन की तलाश जारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: जनपद के 14 गांवों में से आठ में पंचायत भवन बनने की आस जगी है। जमीन चिह्नित करने के बाद पंचायत घरों का निर्माण कराया जाएगा। पंचायत भवनों के लिए जमीन जिलाधिकारी के प्रयासों से मुहैया कराई गई है। हालांकि छह ग्राम पंचायतों में भूमि की तलाश अभी जारी।

शासन ने पंचायत भवन में बैठकर प्रधानों और सचिवों को काम करने के आदेश दिए हैं। पंचायत घरों में ही जनसेवा केंद्र की सुविधाएं दी जाएंगी। जनपद की भवन विहीन ग्राम पंचायतों में इनके निर्माण पर जोर दिया जा रहा है। पंचायत विभाग की समीक्षा में पता चला कि पांच ब्लाकों के 14 गांवों में पंचायत भवन निर्माण के लिए जमीन ही नहीं है। संबंधित तहसील के एसडीएम से जमीन मुहैया कराने के लिए कहा गया, लेकिन उनके तमाम प्रयासों के बाद भी जमीन नहीं मिल सकी। फिर यह मामला शासन तक पहुंच गया। इस पर निदेशक पंचायत राज ने डीएम को पत्र भेजकर संबंधित ग्राम पंचायतों में भवनों के निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराने को कहा। डीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सभी उप जिलाधिकारियों को पंचायत भवन के लिए भूमि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। डीएम के निर्देश पर जमीन तलाशने का कार्य शुरू किया गया। इस बार 14 में से आठ ग्राम पंचायतों में भवन निर्माण के लिए भूमि मिल गई। विभागीय अफसरों के मुताबिक चिह्नित भूमि पर जल्द ही पंचायत भवनों का निर्माण शुरू करा दिया जाएगा। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक अब तक जनपद की 720 ग्राम पंचायतों में 688 ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन बन चुके हैं। इन सभी पंचायत भवनों में पंचायत विभाग की ओर से सारी सुविधाएं दी जा रही हैं।

जमीन खरीद कर बनाए जाएंगे छह पंचायत भवन

जिन छह ग्राम पंचायतों में भवन निर्माण के लिए जमीन नहीं मिली है, ऐसी ग्राम पंचायतों में भवन के लिए भूमि खरीदी जाएगी। इसको लेकर डीएम की अध्यक्षता में कमेटी गठित की जाएगी। अधिकारियों के मुताबिक इस कमेटी की देखरेख में भूमि क्रय की जाएगी। गठित कमेटी द्वारा भूमि क्रय करने का रेट तय किया जाएगा। इसके बाद भूमि संबंधी विवरण तैयार कर शासन को भेजा जाएगा। शासन से धनराशि आवंटित होने के बाद जमीन खरीदकर पंचायत भवनों का निर्माण कराया जाएगा।

> 14 पंचायत भवन विहीन ग्राम पंचायतों में से आठ ग्राम पंचायतों में भूमि चिन्हित कर ली गई है। शीघ्र ही इन ग्राम पंचायतों में पंचायत भवनों का निर्माण शुरू कराया जाएगा। शेष बची छह ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन के लिए भूमि क्रय की जाएगी। इसके बाद पंचायत भवन का निर्माण कराया जाएगा।
> – **सतीश कुमार**, जिला पंचायत राज अधिकारी

इन ग्राम पंचायतों में मिली जमीन

- भौना
- मूसेपुर
- हसननगर
- दियूनी केसरपुर
- खिरकिया
- गौनेरीवदी
- शहपुरा
- उमरसड़

इन छह ग्राम पंचायतों में जमीन की तलाश

- गौहर
- सिमरिया ताराचंद
- ढका जमीमा पूरनपुर
- गुलड़िया खास
- किशनपुर हरीपुर
- जमुनिया जगतपुर

पशु-पक्षियों को ग्राम पंचायत स्तर पर दाना पानी उपलब्ध हो

पूरनपुर, अमृत विचार: भीषण गर्मी में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। गर्मी की वजह से पशु-पक्षी भी दाना पानी के लिए व्याकुल हैं। लुप्त हो रही पशु-पक्षियों की प्रजातियों को बचाने के लिए बलजीत सिंह ने ग्राम पंचायत स्तर पर व्यवस्था कराने की मांग की है। मई-जून की भीषण गर्मी और निरंतर बढ़ते तापमान से पोखर और तालाब सूख गए हैं। आवारा पशुओं के अलावा पक्षी भी पानी के लिए व्याकुल देखे जा रहे हैं। तपती धूप ने पक्षियों के लिए दाना और भोजन भी नष्ट कर दिए हैं। खेतों में भी पक्षियों के लिए कोई फसल तैयार नहीं है। ऐसे में पशुओं के साथ ही कई पक्षी भी दम तोड़ रहे हैं। पशु-पक्षियों के लिए मोहनपुर जप्ती के लिए किसान बलजीत सिंह पुत्र दीदार सिंह ने मंगलवार को एसडीएम को संबोधित पत्र नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी को सौंपा। उन्होंने प्रशासन से ग्राम पंचायत स्तर पशु पक्षियों के लिए चारा, दाना और पानी आदि की व्यवस्था कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि गर्मी में इंसानों का हाल बुरा है। पशु पक्षी इस बढ़ते तापमान को बर्दाश्त नही कर पा रहे हैं। इससे कई पशु और पक्षियों की प्रजातियां विलुप्त होने लगी है।

सूखे पड़े अमृत सरोवर, पानी के लिए भटक रहे पशु-पक्षी

सूखा पड़ा बीसलपुर ब्लॉक परिसर में बना अमृत सरोवर। ● अमृत विचार

संवाददाता, बीसलपुर

- **जल संरक्षण के लिए प्रदेश भर में बनाए गए थे अमृत सरोवर**
- **मार्च 2024 तक पूरा किया जाना था कार्य**

अमृत विचार: शासन के निर्देश पर जल संरक्षण के लिए तैयार किए गए अमृत सरोवर इन दिनों सूखे पड़े हैं। इससे पशु-पक्षी पानी के लिए भटक रहे हैं। खास बात यह कि जिन अमृत सरोवरों के तैयार होने का दावा किया गया था, वहां हकीकत में बुरा हाल है। बीसलपुर ब्लॉक परिसर में खुदवाया गया तालाब भी सूखा पड़ा है। जल संरक्षण के लिए चयनित इस तालाब की बदहाली की ओर से जिम्मेदारों का ध्यान नहीं है।

वित्तीय वर्ष 2023 -24 में अमृत सरोवर योजना के तहत ग्राम पंचायत कासिमपुर द्वारा ब्लॉक परिसर में जल संरक्षण के लिए तालाब की खुदाई कराकर सौंदर्यीकरण किया गया था। तालाब का निर्माण 25 मई 2023 को मनरेगा के तहत शुरू किया गया था, जिसे मार्च 2024 तक पूरा करना था। सरोवर में पीने के पानी की व्यवस्था, घूमने , रोशनी और बैठने के लिए बेंच की व्यवस्था की जानी है। साथ ही सरोवरों में आम, जामुन, पीपल, नीम, बरगद के पौधे और सोलर लाइट लगाकर विकसित किया जाना था। मगर यह कार्य अभी तक पूरे नहीं हो सके। अब तक खानापूर्ति से ज्यादा कुछ नहीं किया जा सका। आलम यह है कि खुदाई कराकर बनाया गया तालाब सूखा पड़ा है। ना तो उसमें जल भरवाया गया है और ना ही आसपास पौधारोपण किया गया। साफ सफाई न होने से तालाब के चारों तरफ झाड़ियां उगी आई हैं। तपिश भरी गर्मी में तालाब सिर्फ कागजों में व्यवस्थित किया जा सका है।

जिले के 2.77 लाख किसानों के खाते में भेजी गई सम्मान निधि

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **मंगलवार शाम मोबाइल पर मैसेज आया तो खिल उठे किसानों के चेहरे**

अमृत विचार: जनपद के 2.77 लाख किसानों को किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त भेज दी गई है। प्रत्येक किसानों के खातों में दो-दो हजार रुपये मिलेंगे। किसान सम्मान निधि की किस्त का मैसेज मोबाइल पर आते ही किसानों के चेहरों खिल उठे।

केंद्र सरकार की ओर से दिसंबर 2018 में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की शुरुआत की गई थी। जनपद में किसान सम्मान निधि पाने वाले किसानों की संख्या 3,18715 है। प्रधानमंत्री मोदी के 18 जून को होने वाले वाराणसी दौरे के दौरान किसान सम्मान निधि की 17 किस्त जारी करने की बात कही गई थी।

इधर मंगलवार शाम कृषि विभाग की ओर से लॉक किए गए 2,77,633 किसानों के खाते में दो-दो हजार रुपये की 17वीं किस्त भेज दी गई। शाम से शुरू हुए मैसेज देर रात तक मोबाइल पर आते रहे। विभाग के मुताबिक बीते फरवरी माह में 2,68,997 किसानों के खातों में 16वीं किस्त भेजी गई थी।

डाटा सत्यापन के दौरान 173 पाए गए अपात्र

किसान सम्मान निधि को लेकर प्राप्त डाटा का सत्यापन किया गया। इस दौरान 173 अपात्र पाए गए। इसमें वे लोग अपात्र पाए गए जिनकी मृत्यु हो चुकी है या फिर गलत अभिलेख दर्शाकर आवेदन किया गया था।

> किसानों के खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त भेजी दी गई है। इसको लेकर जनपद के 2,77,633 किसानों का डाटा लॉक किया गया था।
> – **डॉ. विनोद कुमार यादव**
> प्रभारी उप कृषि निदेशक

निर्माणाधीन सीसी रोड की गुणवत्ता में किया खेल, ठेकेदार को नोटिस, भुगतान रोका गया

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **अवर अभियंता सिविल का जवाब तलब, निर्माण कार्य अपनी देखरेख में कराने के निर्देश**
- **पहले राज्यमंत्री के प्रतिनिधि और सभासदों ने देखी सड़क, दोपहर में ईओ ने लिया जायजा**

अमृत विचार: नगर पालिका के जिम्मेदार कराए जा रहे विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराने के दावे कर रहे हो, लेकिन कहीं न कहीं ठेकेदारों के स्तर से बरती जा रही लापरवाही फजीहत का सबब बन रही है। नाला निर्माण को लेकर चली आ रही चुनौती अभी दूर नहीं हो सकी कि शहर में एक स्थान पर कराए जा रहे सीसी रोड निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी सामने आ गई। पहले सभासदों के साथ पहुंचे राज्यमंत्री के नगर पालिका प्रतिनिधि ने निर्माणाधीन रोड देखा।

फिर ईओ ने पहुंचकर निर्माण कार्य का जायजा लिया। वह भी कराए गए काम से संतुष्ट नहीं हुए। इसके बाद अब तक कराए गए काम का भुगतान रोकते हुए ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस पर अवर अभियंता से स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही सड़क अपनी देखरेख में निर्माण कराने का निर्देश दिया है।

निर्माणाधीन सीसी रोड देखते राज्यमंत्री के प्रतिनिध, सभासद व अन्य।

नगर पालिका परिषद की ओर से वार्ड नंबर 15/24 में कमल्ले चौराहा से चौक चौराहा तक सीसी रोड का पुनर्निर्माण कराया जा रहा है। ठेकेदार की ओर से कराए गए काम में मानकों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए शिकायतें राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के कार्यालय में की गई। सभासद भी इसे लेकर संतुष्ट नहीं थे। इस पर मंगलवार सुबह राज्यमंत्री के नगर पालिका परिषद पीलीभीत के प्रतिनिधि राकेश सिंह, सभासद पुष्पा उपाध्याय, सभासद विपिन कुमार उर्फ राजू समेत कई लोग मौके पर पहुंचे। सड़क निर्माण कार्य को देखा। इस दौरान राज्यमंत्री के प्रतिनिधि समेत सभी ने निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी का आरोप लगाया। भ्रष्टाचार को लेकर भी इशारा करते हुए सही ढंग से निर्माण कार्य कराने की बात कही गई थी। इसकी सूचना ईओ को भी दी गई। जिसके बाद नगर पालिका ईओ लालचंद भारती भी सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता परखने के लिए पहुंचे। इसमें कराए गए काम से वह खुद भी संतुष्ट नहीं हो सके। ईओ लालचंद भारती ने बताया कि निरीक्षण कर सीसी रोड के पुनर्निर्माण देखा गया था। सड़क की गुणवत्ता खराब पाई गई है। ठेकेदार को मानक के अनरूप सड़क बनाने का नोटिस जारी कराया जा रहा है। संबंधित ठेकेदार ने कराए कार्य का भुगतान भी रोक दिया गया है। अवर अभियंता सिविल को सड़क अपनी देखरेख में निर्माण कराने और अब तक हुई लापरवाही को लेकर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

आज से चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान

संवाददाता, पूरनपुर

नगर पालिका बोर्ड की बैठक में मौजूद चेयरमैन व अन्य। ● अमृत विचार

अमृत विचार: नगर पालिका बोर्ड की बैठक में वर्तमान सत्र का आकलन किया गया। इसमें करीब साढ़े चार लाख का लाभ होना बताया गया। सर्व सहमति से आगामी बजट पास हुआ। बैठक में अतिक्रमण की समस्या रखी गई। बुधवार से नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।

नगर पालिका सभागार में मंगलवार को बोर्ड की बैठक चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय व्यय का ब्योरा रखा गया। इस सत्र में नगरपालिका की कुल आय 182059615.92 हुई है। इसमें 139072624 रुपये का व्यय हुआ। नगरपालिका को 42986991.92 का लाभ हुआ है। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट बैठक में प्रस्तुत किया गया। इसमें कुल बजट 202800000 और व्यय के लिए 198150000 रुपये पास हुआ। लाभ के रूप में 4650000 का बजट प्रस्तुत किया गया। सभी सभासदों ने बजट पास होने में पूर्ण सहमति दी।

- **नगर में विकास कार्यों के लिए 20 करोड़ का पास बजट**
- **पूरनपुर नगर पालिका को साढ़े चार करोड़ का हुआ लाभ**

बैठक के दौरान सभासदों ने नगर में व्याप्त अतिक्रमण की समस्या उठाई। इसके अलावा कई अन्य सभासदों ने भी समस्याओं पर चर्चा की। बैठक में बुधवार से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान विधायक बाबूराम पासवान मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे।इसके अलावा अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार सोनकर, लेखाकार दिनेश भारती, सभासद विकास गुप्ता, सौरभ सक्सेना, अनुज गुप्ता, उदित सिंह, गौरव जायसवाल, सुशील कुमार, राजो देवी, दिनेश कुमार, उर्मिला देवी, सूरज बाथम, राजेश कुमार, नुसरत परवीन, मुन्नी बेगम, आसिम रज़ा, मो.शरीफ, मोहम्मद मियां, नादिर रज़ा बरकाती, शराफत अली, विनीता देवी, शाहजहां बेगम, नेहा आदि सभासद मौजूद रहे।

मरीजों से वसूली मामले की होगी जांच, कमेटी गठित

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **मरीज से रुपये मांगने का वीडियो वायरल होने पर मची खलबली**

अमृत विचार : मेडिकल कॉलेज में सुविधा उपलब्ध कराने के नाम पर रिश्वत मांगी जाती है। दो अलग-अलग मामलों में महिला विंग में इलाज के लिए पहुंचे परिवार वालों से कुछ कर्मचारियों के रुपये की डिमांड करने से जुड़े वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए तो सीएमओ ने संज्ञान लिया है। मेडिकल कॉलेज प्राचार्य को पत्र लिखकर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है। ताकि मेडिकल कॉलेज की छवि धूमल न हो सके।

यह मामला 13 जून का बताया गया है। वायरल वीडियो के अनुसार गर्भवती महिलाओं के परिवार से ऑपरेशन और अलग-अलग सुविधाएं मुहैया कराने के लिए रुपये मांग गए। पहला मामला काशीराम कॉलोनी निवासी अल्तमश से जुड़ा है। अल्तमश पत्नी को प्रसव पीड़ा होने पर अस्पताल ले गए। जहां एडमिट करने के बाद डॉक्टर ने चार हजार रुपये फीस के तौर पर मांगे। वहीं, स्टाफ ने बच्चे की न्योछावर के नाम पर 1100 रुपये की मांग की। जब रुपये नहीं दिए तो वहां जच्चा-बच्चा को सुविधाएं नहीं दी गईं।

जहानाबाद निवासी इजहार का का आरोप है कि ऑपरेशन और चारपाई के नाम पर उनसे 4500 रुपये मांगे कए। दोनों की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने द सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने संज्ञान लेते हुए प्राचार्य डॉ. संगीता अनेजा को पत्र भेजकर मामले में संज्ञान लेने के लिए कहा।

मौसम विशेषज्ञ बोले–अभी गर्मी झेलने को रहें तैयार, अगले सप्ताह से मौसम में हो सकता है कुछ बदलाव

तपती गर्मी से हर कोई बेहाल, राहत के नहीं कोई आसार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : ज्येष्ठ की गर्मी से हर कोई बेहाल है। बारिश न होने से तपिश भी बढ़ गई है। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो अभी मौसम में तब्दीली के आसार फिलहाल नहीं है। अभी एक सप्ताह और गर्मी की मार झेलनी पड़ेगी।

गर्मी की मार से तराई वासियों को फिलहाल राहत नहीं मिल रही। मंगलवार को सुबह से ही तपिश तन झुलसाती रही। दोपहर को गर्म हवाओं की मार ने लोगों को बेहाल कर दिया। दिन भर लोग पसीना-पसीना होते रहे। तेज धूप और लू के कारण दोपहर के वक्त लोग घरों में कैद हो गए। हालांकि ज्येष्ठ का मंगल होने के कारण मंदिर और कई जगह शरबत और भंडारे का आयोजन किया जाता रहा। उन स्थानों पर भीड़ देखने को मिली। जबकि बाजार में अन्य जगह सन्नाटा पसरा रहा। सड़कों पर जरूरतमंद ही दिखाई दिए। वह भी गमछा और काला चश्मा लगाकर घरों से निकले। ताकि लू न लग जाए। तेज धूप के कारण लोग डिहाईड्रेशन के शिकार हो रहे हैं, तो वहीं कई लोग लू, उल्टी दस्त आदि जैसी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। गर्मी के कारण पशु पक्षी भी बेहाल हैं। इधर, भीषण गर्मी के चलते लोग बेहाल रहे। अगर बारिश नहीं हुई और इसी तरह गर्मी पड़ती रही, तो अधिकतम तापमान और आगे बढ़ेगा। कृषि वैज्ञानिक डॉ. एस एस ढाका ने बताया कि 20 जून तक राहत नहीं दिख रही है। बारिश 25 जून के बाद होने की उम्मीद है, वह भी हल्की। इस माह बाद ही बारिश जमकर होगी।

धूप से बचने के लिए सिर पर अंगोछा तानकर जाते बाइक सवार। ● अमृत विचार

लू के थपेड़ों से बचने के लिए चेहरे को गमछा से ढक कर जाते बाइक सवार।

तेज धूप और गर्म हवा से बचने को सिर पर दुपट्टा ढककर जाती युवती।



आज का मौसम

आसमान में धूप खिली रहेगी।

44.0° अधिकतम तापमान | 32.0° न्यूनतम तापमान

एक नजर

हमला कर युवक को किया लहूलुहान

बीसलपुर। मामूली कहासुनी के बाद एक युवक को घेर कर पिटाई कर दी गई। धारदार चीज से वार करके लहूलुहान कर दिया। कोतवाली में दी गई तहरीर में ग्राम किशनी के रहने वाले अनमोल कश्यप ने बताया कि 16 जून की दोपहर साढ़े तीन बजे पड़ोस के ही मनोज, विपिन और रोहित से मामूली कहासुनी हो गई थी। कुछ देर बाद कहासुनी की रंजिश में आरोपियों ने घेर लिया और पिटाई की। लाठी डंडे और धारदार चीज से वार करके लहूलुहान कर दिया। किसी तरह खुद को बचाया। पुलिस ने जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कर घायल का मेडिकल परीक्षण कराकर जांच शुरू कर दी है।

नशे में पति करता है पिटाई पत्नी ने रिपोर्ट लिखाई

दियोरियाकलां। कोतवाली क्षेत्र के गांव नौगमियां की रहने वाली रूबी पत्नी नरेशपाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसका पति नशा अधिक करता है। नशा चढ़ने के बाद बेवजह गाली गलौज करता है। जब विरोध किया जाए तो मारपीट करता है। पहले भी कई बार पुलिस से शिकायत कर चुकी है। अब 16 जून की रात फिर से मारपीट की गई। पड़ोसियों ने पहुंचकर बचाया। कोतवाल राजीव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

सीएचसी जांच करने पहुंची अग्निशमन टीम

पूरनपुर। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को अग्निशमन विभाग की टीम पहुंची। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ .अनिकेत गंगवार से सीएससी में अग्निशमन यंत्रों और संसाधनों के बारे में जानकारी ली। टीम के साथ पहुंचे आकाश अहलावत ने अग्निशमन संसाधनों को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जल्द ही अग्निशमन विभाग की टीम सीएचसी के स्टाफ को प्रशिक्षित करेगी। ताकि किसी दुर्घटना के समय नुकसान से बचा जा सके।

मासिक पंचायत में तय होगी आंदोलन की तिथि

पीलीभीत। भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति की मासिक पंचायत रामलीला मंदिर मैदान पर 21 जून को सुबह दस बजे से होगी। जिसमें समस्त पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से पहुंचने की अपील की गई है। जिला कार्यवाह वीरेंद्र पाल आर्य ने बताया कि पंचायत में पूर्व में दिए गए ज्ञापन के संदेर्भ में जिला मुख्यालय पर विकास भवन में आंदोलन करने की तारीख तय की जाएगी। कई बिंदुओं पर कार्रवाई न होने पर अग्रिम रणनीति बनाई जाएगी।

कुर्बानी का खून सड़क पर पड़ा देखा तो गुस्साए लोग, कोतवाली पुलिस ने जाकर साफ कराया

शहर के मोहल्ला डालचंद बेनी चौधरी का मामला, इलाके में पूरी तरह शांति, एहतियातन पुलिस तैनात

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: कुर्बानी के बाद नालियों में बहाया गया खून सड़क पर आने से शहर के मोहल्ला डालचंद बेनी चौधरी में माहौल गरमा गया। सड़क पर खून देखकर दूसरे पक्ष के लोग आक्रोश हो गए और एकत्र होकर विरोध करने लगे। इसकी सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर जा पहुंची और आनन-फानन में नील डालकर खून साफ कराया। कहीं तब जाकर माहौल शांत हुआ। एहतियातन मौके पर पुलिस तैनात कर दी गई।

कोतवाली इलाके का मोहल्ला बेनी चौधरी और डालचंद मिश्रित आबादी वाला क्षेत्र है। यहां सड़क के एक तरफ की बस्ती मोहल्ला डालचंद और दूसरी ओर की आबादी बेनी चौधरी मोहल्ले के अंतर्गत आती है। मिश्रित आबादी क्षेत्र होने की वजह से कई बार यहां धार्मिक आयोजनों के दौरान विवाद होने से तनाव के हालात बन चुके हैं। इस कारण त्योहार के मौके पर यहां पुलिस-प्रशासन की पैनी नजर रहती है। इस बार भी बकरीद के मौके पर कड़े सुरक्षा बंदोबस्त किए गए थे।

बकरीद के दूसरे दिन मंगलवार सुबह रोजमर्रा की तरह मोहल्ले में चहलकदमी हो रही थी। इसी बीच किसी व्यक्ति ने अपने घर पर कुर्बानी करने के बाद खून नाली में बहा दिया। बताते हैं कि नाली में बहा खून सड़क पर आ गया। लोगों ने सड़क पर खून देखा तो विरोध होने लगा। कुछ ही देर में कई संगठनों से जुड़े कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। इसकी सूचना पुलिस को दी गई।

कुछ ही देर में कोतवाल नरेश त्यागी पुलिस बल के साथ मौके पर जा पहुंचे। उन्होंने लोगों को समझाकर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। पुलिस ने आनन-फानन में नील डालकर सड़क पर पड़ा खून साफ करा दिया। माहौल को देखते हुए मौके पर पुलिस कर्मियों को तैनात कर दिया गया।

सड़क पर नील डालकर सफाई करता कर्मचारी। ● अमृत विचार

शहर के मोहल्ला डालचंद में मौके पर मुस्तैद पुलिस। ● अमृत विचार

● **कुछ लोगों की सूझबूझ के चलते बिगड़ने से बचा माहौल**

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर गई थी। पुलिस ने नील डालकर साफ सफाई करा दी गई। तनाव की स्थिति नहीं है। शांति व्यवस्था बनाए रखने को एहतियातन पुलिस बल तैनात किया गया था। **–नरेश त्यागी**, कोतवाल सदर

नाली चोक होने की वजह से सड़क पर पहुंचा खून

बताते हैं कि नाली आगे से चोक थी। इस कारण नाली ओवरफ्लो होने पर खून और गंदा पानी सड़क तक आ गया। नगर पालिका का कोई कर्मचारी इसकी देखरेख के लिए नहीं था। इस तरह नगर पालिका प्रशासन के दावे के बावजूद कर्मचारियों की लापरवाही सामने आई है।

19 लोगों पर बलवा व जानलेवा हमले की रिपोर्ट, 14 नामजद

संवाददाता, मझोला (पीलीभीत)

● **गोशाला की जमीन जोतने पर दो पक्षों के बीच हुआ था संघर्ष**

● **अमरिया पुलिस ने दोनों तरफ से दर्ज की एफआईआर**

अमृत विचार: गोशाला की जमीन जोतने को लेकर भरा पचपेड़ा में रविवार रात दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के मामले में अमरिया पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से बलवा, तोड़फोड़, जानलेवा हमले समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इसमें 14 लोगों को नामजद किया गया है, और पांच अज्ञात हैं।

एक पक्ष से भैंसहा फार्म के रहने वाले गुरविंदर सिंह उर्फ मिंटा ने एफआईआर दर्ज कराई। इसमें ग्राम भरा पचपेड़ा के गुरजीत सिंह उर्फ पंक्षी, साहब सिंह उर्फ साबी, महेंद्र सिंह, अरविंदर सिंह, राहुल सितारगंज (उत्तराखंड) के दाह फार्म निनवासी खेल सिंह उर्फ बब्बू, जोत सिंह समेत आठ लोगों के आरोपी बनाया है। एफआईआर के अनुसार ग्राम भरा पचपेड़ा स्थित गोशाला के प्रबंधक ने उन्हें गोसेवक पद पर नियुक्त कर रखा है। गोशाला के नाम पर करीब 270 एकड़ जमीन है। इसमें से 100 एकड़ पर चारा बोया जाता है। बाकी जमीन खाली है। 16 जून की रात साढ़े नौ बजे इस जमीन पर गांव के हरपाल सिंह, जगतार सिंह चारा बोने के लिए खेत में पलेवा लगा रहे थे। तभी आरोपी आए और लाठी-डंडे तलवारें, तमंचा लहराते हुए हमला कर दिया। जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की। जगतार सिंह पर फायर कर दिया, जिसमें वह बाल-बाल बच गए। कई अन्य लोगों से मारपीट की गई। ट्रैक्टर और ई-रिक्शा में तोड़फोड़ की।

उधर, दूसरे पक्ष से भरा पचपेड़ा गांव के गुरजीत सिंह उर्फ पंछी की ओर से गांव के ही हरपाल सिंह, जगतार सिंह, परगट सिंह, सतनाम सिंह, गुरविंदर सिंह मिंटा, जुगराज सिंह और पांच अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिसमें बताया कि 16 जून की रात करीब नौ बजे वह गोशाला के खेत में जुताई कर रहे थे। तभी आरोपी का आ गए और हमला कर दिया। लाठी-डंडे से वार किए। आरोप है कि गुरविंदर सिंह ने तमंचे से महेंद्र सिंह पर फायर कर दिया। इसके बाद धमकी देकर भाग गए।

इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से मिली तहरीर पर क्रॉस रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। विवेचना कराई जा रही है। साक्ष्य के आधार पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। **– ब्रजवीर सिंह**, एसओ अमरिया

शिकायत पर पुलिस ने अवैध निर्माण रुकवाया

तहरीर देने से पूर्व बैठक करते श्रीकृष्ण जन्माष्टमी सोसाइटी के सदस्य।

● **श्रीकृष्ण जन्माष्टमी सोसाइटी के सदस्यों ने दी पुलिस को तहरीर**

बरखेड़ा, अमृत विचार: श्रीकृष्ण जन्माष्टमी सोसाइटी की मंगलवार को बैठक हुई। जिसमें विस्तार से कई मुद्दों पर चर्चा की गई। पंडित देवदत्त शर्मा जनता इंटर कॉलेज के पास स्थित मंदिर की तरफ गेट के बाहर कराए जा रहे निर्माण को अवैध बताते हुए बंद कराने की मांग की गई।

बैठक के बाद मेला कमेटी के सदस्यों ने थाने पहुंचकर तहरीर दी। जिसमें कहा गया कि मेला श्री कृष्ण जन्माष्टमी की भूमि पर मंदिर है। इसके दक्षिण वाली साइड में बनी कॉलेज की चारदीवारी के बाहर अवैध निर्माण कराया जा रहा है, जिसे रुकवाया जाए। अब तक जो अवैध निर्माण किया गया है, उसे भी गिरवाएं। इंस्पेक्टर राजकुमार सिंह ने पुलिस को मौके पर भेजकर निर्माण कार्य को रुकवा दिया। शिकायत करने वालों में कैलाश चंद्र मौर्य, ध्रुव कुमार पांडेय, अशोक कुमार गुप्ता, प्रमोद भोजवाल, राजेंद्र पाठक, नन्हेलाल, खेमकरन लाल, सुमेरमल, नोनी राम, रोशनलाल, बाबूराम, लक्ष्मी नारायण, लालाराम, रामआसरे आदि रहे।

दम घुटने से हुई थी नवजात की मौत

पूरनपुर, अमृत विचार: एक सप्ताह पहले गांव के पास खेतों में एक नवजात का शव पड़ा मिला था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी सांस न मिलने पर दम घुटने से मौत होने की पुष्टि हुई है। हालांकि पुलिस अभी भी बच्चे की मां के बारे में पता नहीं लगा सकी है। पोस्टमार्टम के बाद उसके शव को दफना दिया गया।बीते गुरुवार को सिरसा गांव के पास खेत में एक नवजात का शव पड़ा मिला था। ग्रामीणों से सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने नवजात का शव फेंके जाने के बारे में काफी जांच पड़ताल की लेकिन कुछ खास पता नहीं चल सका। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। 72 घंटे बाद शव का पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में नवजात की दम घुटने से मौत होने की पुष्टि हुई। इसके अलावा उसकी नाल भी बेतरतीब तरीके से काटी गई। जिससे साफ जाहिर है कि नवजात का जन्म सुरक्षित तरीके से नहीं हुआ। उसको फेंकने वाले कौन थे, इसका भी पता नहीं चल सका है। कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि सांस न मिलने से बच्चे की मौत होने की पुष्टि हुई है।

ऑपरेशन के बाद गलत टांके लगाने पर हुए अधिक रक्तस्राव से हुई थी प्रसूता की मौत

संवाददाता, पूरनपुर

अमृत विचार: पूरनपुर के एक नर्सिंगहोम में ऑपरेशन के बाद प्रसूता को गलत टांके लगा दिए गए थे, जिससे अधिक रक्तस्राव होने पर उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्टाफ की लापरवाही सामने आई है। माना जा रहा है कि नर्सिंगहोम संचालकों ने अप्रशिक्षित स्टाफ से ऑपरेशन कराया गया था।

थाना सेहरामऊ के गांव पिपरा मुजप्ता के नन्हेंलाल की पत्नी रीता देवी को प्रसव पीड़ा होने पर पूरनपुर के कोतवाली रोड स्थित रामा नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि परिजन की मर्जी के बिना नर्सिंगहोम संचालकों ने ऑपरेशन कर दिया। जहां रीता ने बेटे को जन्म दिया था। इसके बाद शनिवार की रात रीता देवी की मौत हो गई थी। आरोप है कि मौत होने के बावजूद संचालकों ने महिला को जिंदा बताते हुए ऑक्सीजन लगाकर पीलीभीत रेफर कर दिया था। इसके बाद संचालक नर्सिंग होम बंद करके भाग गए थे। इस पर परिजनों ने नर्सिंग होम के बाहर शव रखकर हंगामा किया था। रीता के पति नन्हेंलाल की ओर से नर्सिंग होम संचालक योगेश कुमार वर्मा, हिमांशु वाजपेयी और आरपी राठौर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। रीता की मौत के बाद सदमे में नन्हेंलाल की सोमवार सुबह मौत हो गई थी। पुलिस ने महिला का पोस्टमार्टम कराया था। सोमवार रात आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में रीता की मौत की वजह अत्यधिक रक्तस्राव होने से हुई। ये भी सामने आया कि रीता देवी का ऑपरेशन करने के बाद गलत टांके लगा दिए गए थे। अब पुलिस अप्रशिक्षित स्टाफ से ऑपरेशन कराने की मानकर जांच कर रही है। इधर, मंगलवार को भाजपा के पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान ने गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की। हर संभव मदद का भरोसा दिया। विधायक ने बताया कि पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद दिलाई जाएगी।

पुलिस ने नर्सिंगहोम संचालक से दस्तावेज मांगे

रीता देवी की मौत के मामले में नर्सिंग होम संचालकों पर दर्ज एफआईआर की विवेचना शुरू कर दी गई है। ऐसे में पुलिस को स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट की आवश्यकता है। कोतवाली पुलिस ने सीएमओ को पत्र भेजकर नर्सिंग होम संचालन से संबंधित दस्तावेज मांगे हैं। इसमें पंजीकरण और ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर की जानकारी भी मांगी गई है। अब स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट अहम तथ्य का काम करेगी। माना जा रहा है कि इसके बाद धाराएं बढ़ भी सकती हैं।

संचालकों का नहीं रहा सर्जिकल लाइन से कोई वास्ता

इस मामले में एक खास बात यह भी सामने आई है कि रामा नर्सिंगहोम के तीनों संचालकों पर एफआईआर दर्ज की गई है। बताते हैं कि इनमें से किसी का भी सर्जिकल लाइन से दूर-दूर तक नाता नहीं है। फिर भी पिछले कई महीनों से नर्सिंगहोम का संचालन किया जा रहा था। वह भी पंजीकरण निरस्त होने के बाद भी। इसे लेकर कुछ जिम्मेदारों से संचालकों की करीबियों को लेकर भी चर्चाएं तेज हैं।

मृतका रीता देवी।

● **पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आई नर्सिंगहोम संचालकों की लापरवाही**

इस मामले में एफआईआर पहले से दर्ज है। विवेचना कराई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग से नर्सिंग होम के संचालन से संबंधित रिपोर्ट मांगी गई है। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार मुकदमे में आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। **– संजीव कुमार शुक्ला** कोतवाल पूरनपुर

रामा नर्सिंग होम को सील किया जा चुका है। नर्सिंग होम संचालक फरार हैं। कमेटी बनाकर जांच कराई जा रही है। इस प्रकरण में अभी तक कोई भी लिखित शिकायत स्वास्थ्य विभाग को नहीं मिली है। नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। **–डॉ .आलोक कुमार**, सीएमओ

माइक बंद कराने पर जताया विरोध, ज्ञापन दिया

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष अनवर अनीस की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ता मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एडीएम न्यायिक अजीत परेश को सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि पीलीभीत में हिंदू- मुस्लिम एकता के प्रतीक महान सूफी संत हजरत शाहजी मोहम्मद शेर मियां के कुल शरीफ में देश-विदेश से जायरीन शिरकत करते हैं। एक सप्ताह पूर्व बाहर से व्यापारी आकर दुकानें लगाते हैं, लेकिन इस बार दुकानें लगाने में रुकावट डाली गई और व्यापारियों का उत्पीड़न किया गया। डीएम की अनुमति के बाद भी 13 जून को कुल शरीफ के मौके पर पुलिस प्रशासन ने जबरदस्ती माइक बंद करा दिए। जबकि हमेशा माइक कमल्ले चौराहे से लेकर बेलो वाले चौराहे तक कुल शरीफ के अवसर पर लगाए जाते थे। पुलिस प्रशासन पर नई परंपरा डालने की कोशिश करने का आरोप लगाया। पुलिस-प्रशासन के जिन अधिकारियों-कर्मचारियों ने परंपरा तोड़ने की कोशिश की उनके विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में कासिम खान, ईश्वर दयाल पासवान एडवोकेट, नगराध्यक्ष अभिनय गुप्ता गोल्डी, युसूफ मलिक, प्रवक्ता हेमंत मिश्रा एडवोकेट, आसिफ अली, इश्तियाक अहमद अंसारी, ज्ञानेंद्र गौतम एडवोकेट, मोहम्मद ताहिर सिद्दीकी, मोहम्मद शाहनवाज खान, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद सादिक अल्वी, मोहम्मद अनवार उस्मानी आदि रहे।

कलेक्ट्रेट में डीएम कार्यालय के बाहर ज्ञापन देने पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

● **कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को भेजे ज्ञापन में लगाया परंपरा तोड़ने की कोशिश का आरोप**

पुरानी रंजिश के चलते मां-बेटे को पीटा, चार पर एफआईआर

दियोरियाकलां, अमृत विचार: पुरानी रंजिश के चलते एक महिला के घर के बाहर गाली गलौज कर गई। विरोध करने पर हमला करके मारपीट की गई। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपरिया संजरपुर की रहने वाली रामादेवी पत्नी रमाकांत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही शंकरलाल, मलखान, रजनीश कुमार ,राजकुमार सोमवार रात उसके घर के बाहर आकर गाली गलौज कर रहे थे। जब विरोध किया तो आरोपी झगड़ा करने लगे। पीड़िता की पिटाई कर दी। जब बचाने के लिए पुत्र रवि पहुंचा तो उसको भी पीटा। कोतवाल राजीव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच करा रहे हैं।

जच्चा-बच्चा की मौत के बाद यूपी नर्सिंगहोम सील

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● **सीएमओ के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने की कार्रवाई**

अमृत विचार : शहर में माधोटांडा रोड स्थित यूपी नर्सिंग होम में न्यूरिया क्षेत्र की प्रसूता और नवजात की मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने फजीहत के बाद सख्ती की है। सीएमओ के निर्देश पर यूपी नर्सिंग होम को सील करा दिया गया है। साथ ही कमेटी गठित कर मामले की जांच शुरु करा दी गई है।

थाना न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम चिरैंदापुर उर्फ हिम्मतनगर के रहने वाले कुंदनलाल ने बताया कि उसकी 25 वर्षीय पत्नी रेखा नौ माह की गर्भवती थी। 15 जून की रात को प्रसव पीड़ा होने पर उसे माधोटांडा रोड पर पर स्थित यूपी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि बिना डॉक्टर के ही अप्रशिक्षित स्टाफ ने ऑपरेशन कर दिया था। ऑपरेशन के बाद पहले नवजात की मौत हो गई थी। महिला का इलाज जारी रहा। इसके बाद डॉक्टर महिला का चेकअप करने नहीं पहुंचे और उसकी भी शनिवार की रात मौत हो गई। परिवार वालों ने हंगामा करते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर भी दी थी। हालांकि पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। मामला सोशल मीडिया पर तूल पकड़ता देख स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया। सीएमओ डॉ. आलोक कुमार के निर्देश पर टीम ने मंगलवार को यूपी नर्सिंग होम को सील कर दिया है। सीएमओ ने बताया कि नर्सिंग होम को सील कर दिया है।

कॉलेज प्रशासन ने प्याऊ लगाकर राहगीरों की सेवा की

पीलीभीत, अमृत विचार: चौधरी निहाल सिंह कृषि (पीजी) कॉलेज ऐमी में मंगलवार को कॉलेज के अध्यक्ष चौधरी दिग्विजय सिंह के दादा चौधरी निहाल सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई।

कार्यक्रम की शुरुआत दीपार्चन और पुष्पार्चन से की गई। इसके बाद हवन कराया गया। जिसमें पूजन स्थल पर समस्त परिवार वाले, तीनों शिक्षण संस्थाओं का स्टाफ शामिल हुआ। श्रद्धाभाव से पूजन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। राहगीरों की भी प्याऊ लगाकर सेवा की गई। तपती धूप में ठंडा जल पीकर राहत महसूस की अध्यक्ष ने अपने दादा के विचारों को स्टाफ के समक्ष रखा।

पर्यटन | मंगलवार को जंगल सफारी का उठाया लुत्फ, वन्यजीवों के दीदार कर खुश नजर आए विदेशी मेहमान

नीदरलैंड से आए सैलानियों ने पीटीआर में किया सैर – सपाटा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: पर्यटन सत्र के अंतिम दिनों में पीटीआर पहुंचने वालों सैलानियों में भीषण गर्मी के बावजूद गजब का उत्साह देखा जा रहा है। देश के विभिन्न हिस्सों के अलावा विदेशों से भी सैलानी लगातार पीटीआर पहुंच रहे हैं। मंगलवार को नीदरलैंड से आए दो सैलानियों ने पीटीआर की सैर की। इस दौरान उन्होंने जंगल सफारी का भी लुत्फ उठाया।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व का पर्यटन सत्र 25 जून का समाप्त हो जाएगा। इस बार शासन के निर्देश पर पर्यटन सत्र को 10 दिन और बढ़ाया गया है। तराई की गोद में बसे पीटीआर की खूबसूरती निहारने के लिए देश के कोने-कोने से सैलानी यहां पहुंच रहे हैं। विदेशों में भी पीटीआर अपनी पहचान बनाता नजर आ रहा है। ऐसे में यहां पहुंचने वाले विदेशी सैलानियों की संख्या साल दर साल बढ़ती जा रही है। पीटीआर की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वर्तमान पर्यटन सत्र में पहुंचने वाले देशी-विदेशी सैलानियों की आमद ने पिछले सारे पर्यटन सत्रों के रिकॉर्ड तोड़ दिए। मंगलवार को नीदरलैंड से डी रूइटर अपनी महिला मित्र जेंसन के साथ पीटीआर पहुंचे। इन दोनों ने सुबह की शिफ्ट में जंगल सफारी का लुत्फ उठाया। इस दौरान उन्होंने पीटीआर की हरी-भरी वादियों को करीब से निहारने के साथ चूका बीच और वन्यजीवों के भी दीदार किए। पीटीआर के गाइड हाशिम ने उन्हें पीटीआर के बारे में बताया। महोफ रेंज के रेंजर सहेंद्र यादव ने बताया कि पर्यटन सत्र में 25 जून को समाप्त हो जाएगा। ऐसे में सैलानियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। सैलानियों की सुरक्षा को लेकर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

25 तक चूका बीच की सभी हटें फुल

पूर्व में पीटीआर का पर्यटन सत्र 15 जून को बंद करने की घोषणा की गई थी। इसके चलते चूका बीच की सभी हटें सैलानियों द्वारा 15 जून तक के लिए एडवांस में बुक करा ली गई थीं। ऐसे में कई सैलानियों को मायूसी हाथ लगी। इधर, शासन के निर्देश पर पर्यटन सत्र को 10 दिन के लिए बढ़ाया गया है। सैलानियों को जब इसकी जानकारी हुई तो घोषणा होने के दो-तीन दिन के अंदर ही चूका बीच की सभी हटें 25 जून तक के लिए बुक करा ली गई।

नीदरलैंड से पीटीआर की खूबसूरती देखने के लिए पहुंचे डी रुइटर व जेंसन।

डरा धमकाकर युवती से दुष्कर्म अश्लील वीडियो वायरल किया

संवाददाता, पूरनपुर

● **परिजनों ने शादी के रिश्ते तुड़वाने का लगाया आरोप**

अमृत विचार: डरा धमका कर पड़ोस के एक युवक ने युवती से एक साल में कई बार दुष्कर्म किया। उसकी अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी गई। तय शादी के रिश्ते भी तुड़वा दिए। पिता से मिली तहरीर पर पुलिस जांच में जुट गई है।

कोतवाली क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री को पड़ोस में रहने वाला एक युवक डराता धमकाता रहता था। युवक ने अपने बहनोई की मदद से बेटी को फंसा लिया और फिर डरा धमकाकर एक साल से यौन शोषण करता रहा। इसका अश्लील वीडियो बना लिया और उसे वायरल करने की धमकी देकर अपने पास बुलाता था। कुछ समय बाद ही बदनाम करने की नीयत से वीडियो और फोटो वायरल कर दिए। जिसके बाद से पूरा परिवार परेशान है। आरोप है कि बेटी की शादी के लिए कई रिश्ते तय किए लेकिन आरोपी ने सभी जगह कॉल कर बदनाम करते हुए रिश्ते तुड़वा दिए। यह भी धमकी दी गई कि अगर पुलिस से शिकायत की तो जबरन पुत्री को अगवा कर लेगा।

दोस्तों संग बरेली से लौटे युवक की संदिग्ध हालात में मौत

मां ने जताई हत्या की आशंका, पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

संवाददाता, बरखेड़ा (पीलीभीत)

अमृत विचार: दोस्तों के साथ बरेली से लौटकर आए युवक की अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। युवक की मां ने साथ गए दोस्तों पर हत्या करने की आशंका जताई है। पुलिस को पोस्टमार्टम का इंतजार है। बरखेड़ा कस्बे के वार्ड नंबर नौ की रहने वाली मीरा देवी ने बताया कि उनका बेटा अंकित (27) प्राइवेट काम करता था। सोमवार 17 जून की दोपहर करीब एक बजे उसे कस्बे के ही रहने वाले दोस्त ने किया और कार लेकर अपने पास बुलाया। इसके बाद कुछ अन्य लोगों के साथ अंकित को बरेली ले गया। रात को बरेली से वापस आने के बाद अंकित को गाड़ी में ही छोड़ गए। अंकित की तबीयत बिगड़ी हुई। वह दर्द से झटपटा रहा था। परिजन आनन-फानन में उसे पीलीभीत के एक प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंचे।

मृतक अंकित।

जहां अंकित को मृत घोषित कर दिया। मीरा देवी ने अपने बेटे अंकित के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी। बरखेड़ा पुलिस ने मौका मुआयना किया। मंगलवार को शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

युवक की मौत के बाद विलाप करते परिजन। ● अमृत विचार

फील्ड यूनिट ने मौके पर की जांच पड़ताल

छानबीन के दौरान फील्ड यूनिट को भी मौके पर बुला लिया गया। मंगलवार को मौके पर पहुंची टीम ने सुरागरसी की। पुलिस भी परिजन और स्थानीय लोगों से संपर्क कर जानकारी जुटाती रही। उधर, जवान बेटे की मौत के बाद परिवार में चीख पुकार मची रही।

> एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत हुई है। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस गई थी। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत की वजह स्पष्ट होने के बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। छानबीन चल रही है।
> – **राजकुमार सिंह**, इंस्पेक्टर बरखेड़ा

मेडिकल कॉलेज को मिले 23 जूनियर डॉक्टर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने के बाद दो साल के लिए किया संबद्ध
- जल्द ज्वाइन करने की उम्मीद मरीजों को मिलेगी राहत

अमृत विचार : विभिन्न सरकारी मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर निकले 23 जूनियर डॉक्टरों को पीलीभीत मेडिकल कॉलेज में प्रैक्टिस करने के लिए भेजा जा रहा है। उन्हें काउंसलिंग के बाद यहां मेडिकल कॉलेज में तैनाती दी गई है। जोकि दो साल तक जिले में अपनी सेवा देंगे। इन डॉक्टरों के आने के बाद मेडिकल कॉलेज की स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हो सकेंगी।

जिले में नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज का संचालन किया जा रहा है। हालांकि अभी मेडिकल की पढ़ाई शुरु नहीं हो सकी है। ये मान्यता की वजह से अधर में लटकी है। जबकि मेडिकल कॉलेज के एकेडमिक ब्लॉक का निर्माण पूरनपुर रोड स्थित ग्राम पंचायत खाग में कराया करा लिया गया है। सिर्फ 200 बेड के अस्पताल का निर्माण अभी शेष है। शासन की नीति के अनुरूप साक्षात्कार के माध्यम से जूनियर डॉक्टरों का चयन कर अस्पताल को संचालित किया जा रहा था। इस दौरान कई जूनियर रेजिडेंट नौकरी छोड़कर अन्य जगह चले गए। जिससे ओपीडी व इमरजेंसी के संचालन में दिक्कतें सामने आने लगी। इसके बाद डॉक्टरों को बढ़ाने के लिए लगातार शासन में पत्राचार किया जा रहा है। इधर, सरकारी मेडिकल कॉलेजों से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर पास आउट करने वाले डॉक्टरों को प्रदेश के विभिन्न मेडिकल कॉलेज में दो साल के बांड पर सेवा देने के लिए भेजा जा रहा है। जिसमें जिले के मेडिकल कॉलेज को भी 23 जूनियर डॉक्टर मिले हैं। अभी जूनियर डॉक्टरों ने ज्वाइन नहीं किया।

जल्द ही उनके आने की संभावना है। जूनियर डॉक्टरों की तैनाती से मरीजों को इलाज में सहूलियत मिलेगी, साथ ही सीनियर चिकित्सकों के साथ बैठकर जूनियर चिकित्सक अपनी प्रैक्टिस को और बेहतर बना सकेंगे।

> एमबीबीएस पास करने वाले जूनियर डॉक्टरों को दो साल तक मेडिकल कॉलेजों में सेवा देने का नियम बनाया गया है। जिसके तहत सरकारी मेडिकल कॉलेज से पास होने वाले जूनियर डॉक्टरों में से 23 जिले में भेज जा रहे हैं। ये जल्द ही ज्वाइन करेंगे। काफी हद तक व्यवस्था बेहतर होगी। – **डॉ. संगीता अनेजा**, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज

आपत्तिजनक वीडियो वायरल, मामला पुलिस तक पहुंचा

पीलीभीत, अमृत विचार : सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो अपलोड करने की एक व्यक्ति ने पुलिस से शिकायत की है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को दिए पत्र में बताया कि गांव सिंबुआ में एक बिरादरी के दो युवकों ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक वीडियो अपलोड की है। उन्होंने जब पोस्ट को हटाने के लिए कहा तो युवक झगड़ा करने पर उतारू हो गए। पुलिस जांच कर रही है। एसओ ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है, जांखच की जा रही है।

धार्मिक स्थल पर मिट्टी डालने को लेकर दो पक्ष भिड़े

संवाददाता, पूरनपुर

- कोतवाली पूरनपुर क्षेत्र के ग्राम मुझाखुर्द का मामला
- पुलिस ने जमीनी विवाद बताकर मामला राजस्व विभाग को भेजा

अमृत विचार: धार्मिक स्थल पर मिट्टी डालने की सूचना पर पहुंचे लोगों ने मंदिर निर्माण का आरोप लगाते हुए काम बंद करा दिया। इसकी सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद पुलिस ने मामला जमीनी विवाद बताकर राजस्व विभाग को ट्रांसफर कर दिया है। इसको लेकर गहमा गहमी का माहौल बना रहा।

कोतवाली क्षेत्र के मुझाखुर्द में मंगलवार को गांव के बाहर होलिका स्थल के पास कुछ लोग मिट्टी डाल रहे थे। दूसरे समुदाय के लोगों को मंदिर निर्माण करने और नई परंपरा डालने का आरोप लगाते हुए विरोध करके काम रुकवा दिया। इससे दोनों पक्षों के बीच विवाद होने लगा। इसकी सूचना डायल 112 पुलिस को दी गई। कुछ ही देर में पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों से वार्ता की। एक समुदाय के लोगों ने मंदिर के लिए नींव खोदने का आरोप लगाया।

दोनों पक्षों से वार्ता करती पुलिस। ● अमृत विचार

वहीं दूसरे पक्ष ने होलिका स्थल पर सिर्फ मिट्टी का भराव करने की बात कही। पुलिस ने काम रुकवाकर राजस्व अधिकारियों से मामला निस्तारित कराने के बाद ही निर्माण कराने की बात कही।

कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि मामले की जानकारी लगी है। मामले की जांच करा रहे हैं।

मालगाड़ी की बोगी में लगी आग दमकल ने बुझाई

शाहजहांपुर, अमृत विचार: लखनऊ से कोयला भरी मालगाड़ी रात 10 बजे आ रही थी। कहेलिया रेलवे स्टेशन से पहले गेटमैन ने मालगाड़ी के वैगन संख्या 21246 में धुंआ तथा आग की लपटे निकलते हुए देखा।

गेटमैन ने कंट्रोल तथा कहेलिया स्टेशन मास्टर को सूचना दी। मालगाड़ी को स्टेशन पर रोक लिया। इधर कर्मचारियों ने कोयले में लगी आग को बुझाने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर दमकल वाहन मौके पर पहुंच गया। दमकल कर्मियों ने आग को बुझाया। एफएसओ वीडी पटेल ने बताया कि वैगन में कोयले में मामूली सी आग लगी थी, जिसे बुझा लिया गया।

ग्रामीणों को योग व श्रीअन्न के प्रति जागरूक करें प्रधान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- प्रधानमंत्री ने दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए ग्राम प्रधानों को भेजा संदेश

अमृत विचार: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए प्रधानों को पत्र के माध्यम से संदेश भेजा है। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानों को भेजे संदेश में लिखा है कि वह गांव के लोगों को योग एवं श्रीअन्न के प्रति जागरूकता करें। पंचायत भवन परिसर, पाठशाला, आंगनबाड़ी एवं स्वास्थ्य केंद्रों पर योग कार्यक्रम के आयोजन से लोगों को विशेषकर युवा पीढ़ी को स्थिर, तनाव मुक्त व संतुलित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करें। यह पत्र पंचायत विभाग के माध्यम से ग्राम प्रधानों तक पहुंचाया जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पत्र में लिखा है कि आगामी 21 जून को पूरी दुनिया में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का दसवां संस्करण मनाने जा रही है। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ भारत के निर्माण के हमारे प्रयासों को बल देगी। पत्र में कहा कि भारतीय संस्कृति में योगी की बहुत पुरानी विरासत रही है। जब हम योग करते हैं तो हम शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से शांत और भावनात्मक रूप से संतुलित महसूस करते हैं। जिस तरह योग हमारे तन-मन के लिए आवश्यक है, वैसे ही एक सुपरफूड के रूप में श्रीअन्न अथवा मोटे अनाज हमारे स्वास्थ्य के लिए बेहतर विकल्प हैं।

> योग दिवस को सफल बनाने के लिए ग्राम प्रधानों के लिए प्रधानमंत्री का संदेश प्राप्त हुआ है। इसे समस्त ग्राम पंचायतों के प्रधानों तक पहुंचाया जा रहा है। – **सतीश कुमार**, डीपीआरओ

एफएसडीए ने छापेमारी कर सैंपल लिए

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने मंगलवार को पकड़िया नौगवां में एक डेयरी समेत तीन प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। इस दौरान देशी घी समेत चार नमूने लिए। छापामारी से दुकानदारों में हड़कंप देखा गया।

खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने मंगलवार को छापा मार अभियान चलाया। अभिहीत अधिकारी शशांक त्रिपाठी की मौजूदगी में टीम ने नौगवां पकड़िया में मिलन डेयरी पर छापेमारी की। यहां से टीम ने देशी घी एवं पनीर का नमूना लिया। इसके बाद टीम ने मस्जिद रोड स्थित इकरार अहमद किराना स्टोर पर छापेमारी की। यहां सरसों के तेल का नमूना लिया गया।

नौगवां पकड़िया में डेयरी पर सैंपल लेती एफएसडीए की टीम। ● अमृत विचार

- नौगवां में डेयरी समेत तीन प्रतिष्ठानों पर की छापेमारी

इसके अलावा टीम ने देवहा पुल के समीप स्थित दशमेश नगर में रईस अहमद क्रीम मशीन पर छापा मारा। निरीक्षण करने के साथ ही टीम ने यहां लो फैट मिल्क क्रीम का नमूना लिया। टीम में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेंद्र कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी तेज बहादुर सिंह, प्रेम कुमार यादव आदि मौजूद रहे। अभिहीत अधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बताया कि खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम को लेकर मंगलवार को अभियान चलाया गया। इस दौरान संदेह के आधार पर चार नमूने लिए गए हैं। सभी नमूनों को जांच के लिए राजकीय खाद्य विश्लेषक लखनऊ को भेजा गया है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊ परसपुर, बरेली
मो. 8859492000
8859493000
GNM, DPT*, DOT* & B.Sc. (Nursing)
GNM में प्रवेश प्रारम्भ
हॉस्टल एवं ट्रांसपोर्ट की सुविधा
प्रैक्टिकल हेतु आधुनिक प्रयोगशालाएं
सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति।
सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन द्वारा पित्त की थैली, गुर्दे एवं यूरेटर की पथरी और गदूद (प्रोस्टेट) का ऑपरेशन
मेडिक्लेम
स्त्री एवं प्रसूति रोग
आयुष्मान कार्ड में निःशुल्क इलाज
सभी प्रकार की सर्जरी
पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि
आई.सी.यू., कार्डियक, मॉनिटर, वैन्टिलेटर
हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
मो. 9458882565
9410002566

MAXLIFE SUPERSPECIALITY HOSPITAL & FAHMY IVF CENTRE
मैक्सलाइफ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर
मालियों और ईसाइयों की पुलिया के बीच में, सिन्धू नगर, बरेली
डॉ. अनीस बेग
M.B.B.S., D.C.H.
Child Specialist
नवजात शिशु एवं सिरीयस बच्चों के विशेषज्ञ आधुनिक नर्सरी वेंटीलेटर सी. पैप
डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S, D.G.O D.M.A.S., F.M.AS Gynaecologist
IVF Specialist Fellowship in Laparoscopy
स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. अरशद
M.B.B.S., M.S., (Fmas)
Laparoscopic Surgeon
डॉ. दीपक कुमार
M.B.B.S., M.S., MCH
न्यूरोसर्जन
दिमाग व रीढ़ की हड्डी के सर्जन
डॉ. फहद बिन हामिद
D. Ortho, DNB (Ortho)
Trauma, Joint Replacement
Arthoscopy & Sports Injury Specialist
डॉ. शरद खंडेलवाल
MBBS MS (Gen.Surgery)
Mch. (Plastic Surgery)
Cosmetic Hair Transplant.
Microvascular Reconstructive Surgeon
डॉ. मो. जावेद
M.B.B.S., M.D., Physician
ब्लड प्रेशर शुगर एवं पेट रोग विशेषज्ञ
FACILITIES
•CATHLAB
•ICU
•CCU
•ANGIOPLASTY
•NICU
•ECHO TMT
•ANGIOGRAPHY
•HDU
•PACEMAKER
•DIALYSIS
•VENTILATOR
मॉडयूलर ऑपरेशन
लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
एडवांस आई.सी.यू.
एडवांस एन.आई.सी.यू.
कैथ लैब
EMERGENCY 24 HOURS
Contact :
0581-2990926
0581-2990928

Lifelines OF BAREILLY
MEDICAL
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ◆ घबराहट ◆ छाती में दर्द या भारीपन ◆ सांस फूलना ◆ पैरों में सूजन ◆ हाई ब्लडप्रेशर ◆ हाई कोलेस्ट्रोल ◆ डाइबिटीज (शुगर) ◆ सीने या पेट में जलन या दर्द ◆ हार्ट अटैक ◆ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. आशीष सक्सेना
MBBS, MS, FIAGES, FELS
जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
मो. 9045849322
उपलब्ध सुविधायें ● दूरबीन द्वारा पित्त की पथरी का ऑपरेशन ● हर्निया का ऑपरेशन ● अपेंडिक्स का ऑपरेशन ● पित्त की नली की पथरी ● बवासीर, भगन्दर, फिशर ● हाईड्रोसील ● स्तन की गांठ का ऑपरेशन ● पैर की नसों का फूलना (Varicose Veins) ● पाइलोनाइडल साइनस ● इसके अतिरिक्त सभी प्रकार के ऑपरेशन (दूरबीन विधि एवं चीरे द्वारा) करने की सुविधा।
इसके अतिरिक्त सभी प्रकार के ऑपरेशन (दूरबीन विधि एवं चीरे द्वारा) करने की सुविधा।
यश सर्जिकेयर क्लीनिक
प्रेम नर्सरी चौराहा, मिनी बाईपास रोड, बरेली-243122

एक नजर

चीनी मिल गेट पर शर्बत वितरित किया

बरखेड़ा, अमृत विचार : ज्येष्ठ माह के अंतिम मंगलवार को बजाज हिंदुस्थान चीनी मिल की ओर से मिल गेट पर प्याऊ लगाया गया। जिसमें शीतल शर्बत का वितरण किया गया। राहगीरों ने गर्मी के बीच शीतल शर्बतपीकर राहत महसूस की। इस मौके पर चीनी मिल के एचआर हेड हरीश ज्वाला, जीएमकेन सुबोध गुप्ता, सिक्योरिटी हेड दिनेश चंद्र द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

सदर कोतवाली में आधुनिक मेस का उद्घाटन

लखीमपुर खीरी। सदर कोतवाली के पुलिसकर्मी अब हाईटेक मेस में भोजन कर सकेंगे। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने सीओ सदर रमेश कुमार तिवारी के साथ सदर कोतवाली में नवीनीकृत की गई आदर्श मेस का मंगलवार को उद्घाटन किया। सदर कोतवाली में स्थित मेस को आधुनिक मैस बनाया गया है। यहां पुलिसकर्मियों के बैठने समेत तमाम सुविधाएं दी गई हैं। पूरी तरह से एसी होने के साथ ही यह मेस आरओ वाटर आदि सुविधाओं से लैस है। आदर्श मेस में खाना बनाने वाली सामग्रियों को सुसज्जित तरीके से रखने की भी व्यवस्था की गई है। अपने लिए नवीन, विकसित एवं आधुनिक मेस पाकर पुलिसकर्मियों के चेहरे चमक उठे हैं। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह समेत कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

मूर्ति विसर्जन के साथ शतचंडी महायज्ञ का समापन

सिंगाही, अमृत विचार : गांव नौरंगाबाद में आयोजित नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ का मंगलवार को मूर्ति विसर्जन के साथ समापन हो गया। इस दौरान गाजे बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। देवी भजनों पर थिरकते भक्त अमीर-गुलाल उड़ाते हुए शोभायात्रा में चल रहे थे। पंडित दीनदयाल अमृत स्टेडियम में द्वितीय शतचंडी महायज्ञ आयोजित किया गया था। समापन के मौके पर कन्या भोज व भंडारा हुआ। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

रामदूत अतुलित बलधामा, अंजनिपुत्र पवनसुत नामा

बड़े मंगल को सुबह से मंदिरों में जुटी रही भीड़, जगह-जगह प्याऊ लगाकर शर्बत बांटा, भंडारे आयोजित

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार : ज्येष्ठ माह का आखिरी मंगलवार पवन पुत्र हनुमान को समर्पित रहा। मंदिरों से लेकर सड़कों तक हर तरफ भक्ति भरा माहौल नजर आया। जगह-जगह प्याऊ लगाकर शर्बत वितरित किया गया। कई जगह पूड़ी-सब्जी का भंडारा चला। जहां बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिरों में पूजा अर्चना कर मनौतियां मांगीं।

ज्येष्ठ मास का आखिरी मंगलवार बड़ा मंगल कहा जाता है। अंतिम मंगलवार को मंदिरों में सुबह से भक्तों की भीड़ जुटना शुरू हो गई। गौरीशंकर मंदिर, चौक बाजार में स्थित हनुमान मंदिर, लाल रोड पर स्थित हनुमान मंदिर, देशनगर मोहल्ला, चावला चौराहा व अन्य हनुमान मंदिरों में सुबह से ही जयकारे गूंजने लगे। श्रद्धालुओं ने बजरंग बली की पूजा अर्चना कर चोला चढ़ाया। इसके बाद चालीस का पाठ हुआ। यहां श्रद्धालुओं की दिन भर पूजा करने के लिए भीड़ लगी रही। मंदिर में दिन भर पूजा अर्चना का दौर चलता रहा। वहीं ब्रह्मारी घाट पर स्थित मनकामेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना की गई। गांधी स्टेडियम रोड पर स्थित श्रीराम मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर में भी भक्तों की कतार लगी रही। जहां पूजन के बाद सेवकों के द्वारा पूड़ी सब्जी और शरबत का वितरण किया गया। काशीराम कॉलोनी ईदगाह स्थित श्री ब्रह्मदेव संकीर्तन दरबार में महंत सेवक विशाल ने श्रद्धालुओं के साथ बाबा को चोला चढ़ाया गया। दरबार से बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे और बाबा का गुणगान किया। देर शाम तक भजन संध्या चली। साथ गर्मी से राहत दिलाने के लिए शर्बत बांटा गया। इस मौके पर यहां सेवक विशाल के अलावा, मुकेश, रवि रत्नाकर, अनिकेत, मोहित लोधी, मनीष, अंशु, मनीषा, जानू शर्मा, बॉबी चौधरी समेत कई श्रद्धालुओं ने सेवा की।

इसके अलावा तपती गर्मी में राहगीरों को राहत देने के लिए काला मंदिर, चावला चौराहा पर शर्बत बांटा गया। वहीं छतरी चौराहा पर स्थित हनुमान मंदिर, जय टॉकीज के समीप, डिग्री कॉलेज चौराहा, नई बस्ती, गैस चौराहा, खैरुल्लाशाह, लाल रोड, नकटादाना चौराहा, लाला लाजपत राय समेत विभिन्न स्थानों पर शर्बत और भंडारे का आयोजन किया। इसके अलावा गांव सेमरखेड़ा में भी ज्येष्ठ माह के आखिरी मंगलवार को ग्रामीणों ने प्याऊ लगाकर राहगीरों को शर्बत पिलाया। इस दौरान प्रेम वर्मा, लालता प्रसाद, वीरेंद्र, आकाश, अभिषेक, देवेंद्र, लव वर्मा, सुमित ओमकार मौजूद रहे।

लाला लाजपत राय हॉल के बाहर शर्बत वितरित करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

गांधी स्टेडियम रोड पर प्रसाद वितरण करते सेवादार। ● अमृत विचार

छतरी चौराहा पर हनुमान मंदिर के बाहर शर्बत और प्रसाद बांटते सेवादार।

भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते भक्त। ● अमृत विचार

पहले छप्पन भोग लगाया, फिर भंडारा किया

बीसलपुर। ज्येष्ठ माह के बड़े मंगलवार को नगर के बारह पत्थर चौराहे पर सुंदरकांड पाठ व 56 भोग भंडारे का आयोजन हुआ। बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे और पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। देर शाम तक भीड़ जुटी रही। इस मौके पर बिरजू गुप्ता, बासु पाठक, अमन अग्रवाल, नवल गुप्ता, श्याम गुप्ता, विमल गुप्ता, जुगल गुप्ता, कमल गुप्ता, गौरव गुप्ता आदि व्यवस्था में रहे। उधर, निर्जला एकादशी को लेकर महिलाओं ने विष्णु व लक्ष्मी का पूजन कर उपवास रखा। सुबह से ही निर्जला एकादशी व्रत पूजन को लेकर महिलाओं में उत्साह दिखाई दिया। पूरे दिन भजन कीर्तन किए। कन्याओं को मीठा शरबत पिलाया। गोपी टॉकीज मार्ग पर अखिल गुप्ता की अगुवाई में राहगीरों को मीठा शर्बत बांटा गया।

मोहल्ला तखान में प्याऊ लगाकर शर्बत बांटते मोहल्ले के युवक। ● अमृत विचार

शर्बत और चने का प्रसाद वितरण करतीं चेयरमैन व अन्य महिलाएं। ● अमृत विचार

चना-हलवा और पूड़ी-सब्जी का प्रसाद बांटा

पीलीभीत। संस्कृति सामाजिक संस्था की ओर से स्टेशन रोड पर मंगलवार को प्याऊ लगाकर शर्बत बांटा गया। चने का प्रसाद वितरित किया गया। जहां पूर्वाह्न 11 बजे से शाम चार बजे तक भीड़ जुटी रही। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने भी राहगीरों को प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर डॉ.अनिल सक्सेना, सौरभ सक्सेना, नीता अग्रवाल, डॉ. अनुरीता सक्सेना, अंजलि अग्रवाल, अर्चना खंडेलवाल, मधु कुमार सक्सेना, नीलम अग्रवाल, सुधा अग्रवाल ,उषा अग्रवाल ,सुमन अग्रवाल, रितु महाजन आदि मौजूद रहे। उधर, मोहल्ला तखान में पकड़िया नाथ महादेव मंदिर पर मोहल्लेवासियों की ओर से जलजीरे का वितरण किया। बजरंगबली का पूजन करने के बाद हलुवा का प्रसाद बांटा गया। इस मौके पर आयुष सक्सेना, यश सक्सेना, काव्य सक्सेना, रचित सक्सेना, दक्ष सरीन, राजवर्धन मिश्रा, पीयूष, ऋषि जौहरी, उत्कर्ष, नमिता सक्सेना, नव्या आदि मौजूद रहे। इसके अलावा जाटो वाला चौराहा पर भी बड़े मंगलवार को पूजन के बाद स्थानीय लोगों ने पूड़ी सब्जी का प्रसाद बांटा। जिसमें दिन भर सेवा चली और बड़ी संख्या में राहगीरों ने प्रसाद गहण किया। इस दौरान शीतल जल की भी व्यवस्था रही।

घुंघचिहाई में धर्म प्रचार को बाइक रैली निकाली

बाइक रैली निकालते गायत्री परिवार के सदस्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, घुंघचिहाई

अमृत विचारः गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में सदस्यों ने धर्म प्रचार के लिए मंगलवार को बाइक रैली निकाली। कस्बे से लेकर मटेहना कॉलोनी तक धर्म प्रचार किया और आचार्य श्रीराम शर्मा का संदेश जन जन तक पहुंचाया।

इधर, पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ की शुरुआत पीत वस्त्रधारी महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा के साथ की गई। मंडी समिति में महिलाएं और बालिकाएं एकत्र हुई। गायत्री परिजनों के सानिध्य में प्रथम कलश का पूजन कर निकटतम सिद्ध बाबा देव स्थल से जल भरकर लाया गया और पूजन किया गया। मुख्य यजमानों ने लोकमंगल की कामना करते हुए आहुतियां दी। पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में विभिन्न प्रकार के संस्कार नामकरण पुंसवन, यज्ञोपवीत दीक्षा संस्कार वैदिक विधि विधान से कराए जाएंगे। 19 जून को यज्ञ संस्कार की पूर्णाहुति कर यज्ञाचार्य एवं प्रकांड पंडितों की विदाई की जाएगी।

बिलसंडा में समाजसेवियों ने शर्बत पिलाया

संवाददाता, बिलसंडा

अमृत विचारः ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगलवार को भीषण गर्मी में राहगीरों को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष अवनीश जायसवाल उनके भाई पंकज, आलोक जायसवाल की ओर से ग्राम बमरोली स्थित पेट्रोलपंप पर शीतल जल एवं शरबत की प्याऊ लगाकर सेवा की गई। राहगीरों ने शरबत पीकर गर्मी में राहत महसूस की।

उधर पेट्रोलियम व्यापारी विक्रम नरेश जायसवाल, अवधनरेश, आशीष जायसवाल ने बंडा रोड स्थित आवास पर पर प्याऊ लगाकर शरबत बांटा।

इस मौके पर व्यवस्था में पूर्व चेयरमैन अटल सिंह जायसवाल, अमित जायसवाल, प्रताप नरेश जायसवाल, अजय जायसवाल, अभिषेक जायसवाल, किशनपाल सागर, अंकित जायसवाल, बंटू जायसवाल, अविनाश जायसवाल, ताशी, आन्या, सौम्य, सत्यम, सक्षम, सुमित जायसवाल, सुमित राठौर आदि मौजूद रहे।

बिलसंडा में बस यात्रियों को शर्बत पिलाते समाजसेवी। ● अमृत विचार

अखंड पाठ के पारायण पर भंडारे का आयोजन

गजरौला।: कस्बा गजरौला में माला नदी तट पर शिव मंदिर पर मंगलवार को भंडारे का आयोजन किया गया। पुजारी बाबा सर्वेशपुरी महाराज ने बताया कि सोमवार को अखंड रामायण पाठ का समापन हुआ था। इसके बाद मंगलवार को निर्जला एकादशी के उपलक्ष में भंडारा कराया गया है। इसमें संत महात्मा और नौ कन्याओं को भोज कराया गया। केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद की तरफ से बंटी मिश्रा, निवर्तमान सांसद प्रतिनिधि महेन्द्र पाल शर्मा पहुंचे। भक्तों व श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

पिता की पिटाई से क्षुब्ध बेटे ने ब्लेड से अपना गला काटा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पुलिस ने घायल को गले में कपड़ा बांधकर मेडिकल कॉलेज भेजा

अमृत विचार : रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र में बीच सड़क पर ई-रिक्शा खड़ा कर देने पर ई-रिक्शा चालक का एक व्यक्ति से विवाद हो गया। दूसरे पक्ष ने चालक की पिटाई कर दी। इससे क्षुब्ध चालक के बेटे ने सड़क पर हंगामा किया तो पुलिस उसका वीडियो बनाने लगी। इसी बीच चालक के बेटे ने स्वयं की गर्दन में एक साइड में ब्लेड मार लिया।

पुलिस ने उसके गले में कपड़ा बांधकर मेडिकल कॉलेज भेज दिया। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला सरायकाइयां निवासी ई-रिक्शा चालक भगवान शरण का पड़ोसी से किसी बात को लेकर सोमवार की शाम सात बजे विवाद हो गया था। रामबाग गोशाला के सामने दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। दूसरे पक्ष ने भगवान शरण की पिटाई कर दी। खबर सुनकर उसका बेटा सुदामा प्रसाद मौके पर पहुंच गया और सड़क पर हंगामा करने लगा। सूचना पर पुलिस पहुंच गई और उसका वीडियो बनाने लगी। वह इधर-उधर भागने लगा और वीडियो बनाने पर पुलिस को धमकी देने लगा कि खुद को ब्लेड मार लूंगा। देखते-देखते चालक के बेटे सुदामा ने खुद गले के साइड में ब्लेड मार लिया। खून निकलता देखकर पुलिस ने गले में कपड़ा बांधकर उसे मेडिकल कॉलेज भेज दिया। वहीं, हंगामे का वीडियो सामने आया है जिसमें वह चीख रहा है और गले में साइड से ब्लेड मार रहा है। प्रभारी निरीक्षक सीपी शुक्ला ने बताया कि युवक ने खुद ब्लेड मार लिया था। हालत ठीक है। घायल सुदामा की मां ममता मिश्रा ने अभिनव मिश्रा, विश्व मोहन, अभिनव की मां तथा दूसरे पक्ष की नेहा मिश्रा ने श्याम नाथ मिश्रा, आयुष मिश्रा, रूपा मिश्रा, पायल मिश्रा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस विवेचना कर रही है।

सड़क हादसों में दो किशोर व एक महिला की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- जैतीपुर में गैस गोदाम के पास मोड़ के पास खाई में पलटी बाइक
- अल्हागंज में चालक ने अचानक लगाए ब्रेक, ट्रैक्टर के नीचे दबा युवक

अमृत विचार : जिले में अलग-अलग स्थानों पर सड़क दुर्घटनाओं में महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। अल्हागंज, निगोही तथा जैतीपुर क्षेत्र में हादसे हुए। पुलिस ने तीनों शवों का पोस्टमार्टम कराया।

जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव मंडोरा निवासी सुखराम का पुत्र विकास(17) सोमवार की शाम साढ़े सात बजे गांव से जैतीपुर किसी काम से बाइक से जा रहा था। गैस गोदाम के पास मोड़ के पास बाइक खाई में जाकर पलट गई, जिससे वह घायल हो गया। परिवार वाले पहुंचे और घायल को सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दो भाइयों में बड़ा था। उसकी मां का नाम सुशीला देवी है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

अल्हागंज थाना क्षेत्र के गांव नगला हनू निवासी विनोद का पुत्र करन(17) गांव के अंकित के साथ सोमवार की सुबह छह बजे ट्रैक्टर-ट्रॉली पर बैठकर ईंट भट्ठे पर जा रहा था। ट्रैक्टर उसका दोस्त अंकित चला रहा था। भट्टे से पहले चालक अचानक ब्रेक लगाया। ब्रेक लगने से करन ट्रैक्टर से नीचे गिर गया और दबकर घायल हो गया। सीएचसी पर उसे मृत घोषित कर दिया गया।

रोजा थाना क्षेत्र के मोहल्ला आईटीआई कॉलोनी निवासी अमितेशा(35) पत्नी कमलेश कुमार 15 मई को चौकी अशफाकनगर से टेंपो पर बैठकर निगोही जा रही थी। निगोही रोड पर सतवां-टिकरी के बीच ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टैंपो को टक्कर मार दी थी, जिससे अमितेशा समेत पांच लोग घायल हो गए थे। घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान महिला की सोमवार की रात में मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

खुटार। मुख्य तिकुनियां चौराहे पर मंगलवार दोपहर ढाई बजे कार और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में घायल बाइक सवार तिकुनियां निवासी सुखदेव सिंह उर्फ बॉबी का एक पैर टूट गया। पुलिस ने चालक सहित कार को कब्जे में ले लिया है। सूचना पर पहुंचे रिश्तेदारों ने उसे खुटार सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। इधर, सुखदेव सिंह ने बताया कि वह पंजाब का रहने वाला है और करीब 12 साल से अपने बहनोई मोहल्ला बजरिया (तिकुनियां) निवासी गुरुप्रीत सिंह के घर रह रहा है। उसके बहनोई का खुटार-पूरनपुर मार्ग पर ढाबा है। मंगलवार दोपहर बाइक से बंडा चौराहा मार्केट किसी काम से जा रहा था। तभी यह हादसा हो गया।

फॉल्ट को लेकर वकीलों और अधिकारियों के बीच विवाद

पुवायां। सोमवार की रात वालेमऊ फीडर पर फॉल्ट हो जाने के बाद सही करने को लेकर रात में सिविल बार एसोसिएशन के सदस्य दिनेश मिश्रा से लाइनमैन ने अभद्रता कर दी। इसके बाद मंगलवार की सुबह लगभग 11 बजे सिविल बार एसोसिएशन के वक़ीलों ने विद्युत केंद्र पर जाकर एसडीओ से शिकायत की तो एसडीओ ने लाइनमैन को फोन कर बुलाया। मगर लाइनमैन ने यह कहते हुए आने से इनकार कर दिया कि वह यहां नहीं है। शिकायत कर एसडीओ के कार्यालय से वापस लौट रहे वकीलों ने लाइनमैन को विद्युत उपकेंद्र परिसर के बाहर खड़ा देखा तो उससे कहा कि सोमवार रात में क्या कह रहे थे। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया, जिसकी सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बमुश्किल मामला रफा दफा किया। थोड़ी देर बाद दोनों पक्षों की ओर से पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय ने बताया कि दोनों पक्षों में समझौता हो गया है।

हरदोई बाईपास पुल के पास मिला युवक का शव

शाहजहांपुर, अमृत विचार : हरदोई बाइपास चौराहे के निकट एक युवक घायल अवस्था में बेहोशी की हालत में मिला था। राहगीरों ने देखा और रामचंद्र मिशन पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उसे मेडिकल कॉलेज भेज दिया। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

हरदोई जिले के थाना पिहानी के गांव उस्मानपुर निवासी सनी त्रिवेदी(19) के माता-पिता की कई साल पहले मौत हो चुकी है। उसकी कोई दूसरा भाई व बहन नहीं है। वह मामा मुनीश त्रिवेदी के पास रहता था। वह पंजाब में प्राइवेट नौकरी करता था। सोमवार की दोपहर बाद चार बजे वह घर से पंजाब जाने के लिए निकला था। वह किसी वाहन से हरदोई बाईपास चौराहे पर आया। सनी को रात में आठ बजे उसे एक स्थान पर घायल अवस्था में राहगीरों ने बेहोशी की हालत में सड़क के किनारे पड़ा देखा। उसके शरीर में चोट के निशान था। उसका बैग पड़ोस में पड़ा था।

किशोरी ने डीजल डालकर लगाई आग, मौत

मृतका सरस्वती के रोते बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

संवाददाता, कलान/शाहजहांपुर

- परिजनों ने कमरे का दरवाजा तोड़कर निकाला शव
- आत्महत्या का कारण नहीं बता सके घरवाले

अमृत विचार : किशोरी ने कमरे का दरवाजा बंद कर डीजल डालकर आग लगा ली। चीख-पुकार सुनकर परिजनों ने दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकाला और आग बुझाई। अस्पताल ले जा पाते उससे पहले ही उसने दम तोड़ दिया। परिवार वाले आत्महत्या का कारण नहीं बता पा रहे हैं।

कलान थाना क्षेत्र के गांव रुकनपुर निवासी गंगाराम की पुत्री सरस्वती (15) ने सोमवार की रात नौ बजे खाना खाया और कमरे में लेट गई। गंगाराम, मां ममता और भाई आंगन में सो गए। रात करीब एक बजे सरस्वती ने अपने ऊपर डीजल डालकर आग लगा ली। उसकी चीखें सुनकर माता-पिता जाग गए। उन्होंने कमरे का दरवाजा किसी तरह तोड़ा। बेटी को जलता देख उनके होश उड़ गए। उन्होंने आग बुझाई। अस्पताल ले जाने से पहले ही सरस्वती ने दम तोड़ दिया। सीओ अजय कुमार राय और प्रभारी निरीक्षक प्रभाष चंद्र पहुंचे और मौका मुआयना कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार वालों का कहना है कि घर में किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं था। उसने आग क्यों लगाई, इसकी कोई जानकारी नहीं है। सीओ ने कहा कि परिवार वाले कोई कारण नहीं बता पा रहे हैं। जांच की जा रही है।

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071

डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव

डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान

डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913
नामर्दों Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।
ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।
ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)

धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No.
8439818102
7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202

अधिशासी अभियंता, एसडीओ समेत तीन अधिकारी निलंबित

ऊर्जा मंत्री ने यूपीपीसीएल अध्यक्ष और एमडी एमवीवीएनएल को दिए सख्त निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

कार्रवाई
- हाइटेंशन लाइन की चपेट में आकर मां-बेटे समेत तीन की मौत का मामला
- जांच में आंधी से पहले गिरी पाई गई हाईटेंशन लाइन
- जिम्मेदारों की लापरवाही सामने आई, पांच संविदा कर्मियों की सेवा समाप्त

अमृत विचारः थाना हैदराबाद क्षेत्र में हाइटेंशन लाइन की चपेट में आकर सोमवार को जिंदा जले मां-बेटे समेत तीन लोगों की मौत मामले को शासन ने गंभीरता से लिया है। मुख्य अभियंता की विवेक अस्थाना की प्राथमिक जांच के बाद लापरवाही मिलने पर अधिशासी अभियंता गोला राज नारायण, एसडीओ सब डिवीजन फर्स्ट विनीत कुमार और है गोला जेई अमृत लाल को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही, उपकेंद्र परिचालक समेत पांच संविदा कर्मियों की सेवा समाप्त कर दी गई है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के निर्देश पर मध्यांचल विद्युत वितरण निगम प्रबंधन ने यह कार्रवाई की।

सोमवार को पीलीभीत जिले के थाना उत्तरी सेहरामऊ के गांव बहादुरपुर निवासी बबलू सोमवार को थाना नीमगांव क्षेत्र से अपनी बहन मंजू (40) को विदा कराकर बाइक से घर पीलभीत वापस जा रहा था। बाइक पर उसकी मां बिंदिया देवी (55), भांजा अनमोल (4) और भांजी छह वर्षीय खुशी भी सवार थी। हेमपुर गांव के पास बड़ी नहर पुलिया के पास 11 हजार के लटक रहे करंट प्रवाहित तार की चपेट में उनकी बाइक आ गई। बताया जाता है कि इससे बाइक ने आग लग गई और बाइक सवार सभी करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए।

हादसे में बबलू, उसकी बहन मंजू और चार साल के भांजे अनमोल की मौके पर ही जिंदा जलकर मौत हो गई थी, जबकि बिंदिया और उसकी नातिन खुशी गंभीर रूप से झुलसी हैं, जिनका जिला अस्पताल मोतीपुर में उपचार चल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक संवेदना जताते हुए स्थानीय प्रशासन और बिजली विभाग के अफसरों को तत्काल मौके पर पहुंचने व झुलसे लोगों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे।

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह और एसपी गणेश प्रसाद साहा ने अफसरों के साथ मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और उसके बाद जिला अस्पताल पहुंचकर भर्ती बिंदिया और उसकी नातिन का हाल जाना था। उधर हादसे में तीन लोगों की मौत पर ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने दुख व्यक्त करते हुए दोषियों के विरुद्ध सख्त करवाई के निर्देश दिए। इसी क्रम में लखनऊ मंडल के मुख्य अभियंता विवेक अस्थाना खीरी पहुंचे।

उन्होंने मौका मुआयना किया। अपनी अपनी जांच रिपोर्ट तैयार की। मंगलवार को मुख्य अभियंता ने डीएम से मिलकर रिपोर्ट की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पोल पर इंसुलेटर एक हाईटेंशन तार से बांधा गया था। तार इंसुलेटर से खुलकर काफी नीचे तक आ गए थे। बाइक पर सवार होकर लोग जब निकले, तो उनकी बाइक करंट प्रवाहित तार की चपेट में आ गई। इससे बाइक में आग लग गई।

उन्होंने बताया कि कि आठ जून को तेज आंधी आई थी, जिसमें क्रॉस आर्म टेढ़ा हो गया था। अधिकारियों को लाइनों का सर्वे कराना चाहिए था, लेकिन उन्होंने सर्वे नहीं कराया। मुख्य अभियंता ने बताया कि मृतक आश्रित परिवार को पांच-पांच लाख रुपये मुआवजा दिया जा रहा है। घायलों को भी मुआवजा दिया जाएगा।


इसी खंभे से लटक रहा था तार।

घटनास्थल पर जली पड़ी बाइक, मौजूद पुलिस कर्मी और ग्रामीण। अमृत विचार

पल भर में काफूर हो गईं शादी की खुशियां

हादसे में मारे गए पीलीभीत जिले के थाना उत्तरी सेहरामऊ के गांव बहादुरपुर निवासी बबलू की शादी दो जुलाई को थी। शादी की तैयारियां जोरों पर चल रहीं थीं। निमंत्रण कार्ड भी छप गए थे। परिजनों रिश्तेदारों और दोस्तों को कार्ड भेज रहे थे। बबलू शनिवार सुबह अपनी मां बिंदिया के साथ कार्ड बांटने के लिए घर से निकला था। रविवार को वह अपनी बहन मंजू के घर थाना नीमगांव के गांव ललपुरवा पहुंचा और बहन, भांजी-भांजा और मां को साथ लेकर बाइक से घर वापस आ रहा था। रास्ते में हादसा हो गया। हादसे की खबर मिलते ही परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

संदिग्ध हालात में लटका मिला महिला का शव

संवाददाता, सिंगाही

- एक साल पहले हुआ था विवाह पति समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचारः थाना सिंगाही के गांव सिन्हौना निवासी लवकुश की पत्नी शिल्पी (18) की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसका का शव घर के अंदर कमरे में कुंडे से लटका मिला है। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने दहेज हत्या की खातिर हत्या करने और शव फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। नायब तहसीलदार ने मृतका के परिजनों के बयान दर्ज किए हैं। पुलिस ने पिता की तहरीर पर पति, सास, ससुर, देवर व ननद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना पढुआ के गांव ढखेरवा खालसा निवासी सोबरन ने बताया कि उन्होंने एक साल पहले अपनी पुत्री शिल्पी (18) की शादी थाना सिंगाही के गांव सिन्हौना निवासी लल्लू के पुत्र लवकुश के साथ की थी। दहेज में बाइक समेत अन्य सामान भी दिया था। शादी के कुछ दिनों बाद से ही पुत्री का पति, ससुर, सास गूढ़ा देवी, देवर अखिलेश और ननद काजल शिल्पी से एक सोने की चेन, व दो लाख रुपये नगद की मांग कर रहे थे। पुत्री ने जब यह बात बताई तो उन्होंने मांग पूरी करने से मना कर दिया। इससे आरोपी ससुराल वाले उसकी पुत्री को मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे। बेटी शिल्पी ने कई बार प्रताड़ना की शिकायत की। इस पर उन्होंने रिश्तेदारों और गांव के लोगों के साथ बैठकर पंचायत कर समझाने की कोशिश की, लेकिन आरोपी ससुराल वाले नहीं माने और प्रताड़ना जारी रखी। आरोप है कि सोमवार की रात भी उसकी पुत्री के साथ आरोपियों ने मिलकर काफी मारा पीटा, जिससे उसकी मौत हो गई और हत्या को आत्महत्या दिखाने के लिए शव को छत के कुंडे से लटका दिया।

सुबह आसपास के लोगों ने बेटी की मौत होने की खबर दी। जब वह लोग मौके पर पहुंचे तो शव कुंडे से लटक रहा था। पुत्री के कपड़ों पर खून के धब्बे देखकर मायके वाले भड़क गए और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा करने लगे। पुलिस ने लोगों का आक्रोश देखकर आरोपी पति व ससुर को हिरासत में ले लिया। तब जाकर मायके पक्ष के लोग शांत हुए और शव पोस्टमार्टम करने के लिए राजी हुए। सूचना पर पहुंचे नायब तहसीलदार ने मायके वालों के बयान दर्ज किए हैं।

बाघ ने युवक पर हमला कर किया घायल

पिपरिया धनी/रोशननगर। मोहम्मदी महेशपुर रेंज की हिम्मतपुर वनबीट कें रेहरिया गांव के युवक पर बाघ ने हमला कर घायल कर दिया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद शाहजहांपुर जिला अस्पताल भेजा गया है। रेहरिया निवासी पवन सिंह (25) किसी काम से अपने खेत पर गये थे। वहीं पर गन्ने में छिपे बैठे बाघ ने पवन सिंह पर हमला कर घायल कर दिया। पवन के शोर मचाने पर खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंच गए, जिनके शोर शराबा करने से बाघ वहां से भागकर गन्ने के खेत में छिप गया। परिवारवालों को सूचना मिलने पर घायल पवन सिंह को सीएचसी मोहम्मदी ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने के कारण उन्हें शाहजहांपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना वनविभाग को दी गई।

चौकी में महिला के साथ पुलिस ने की अभद्रता

निघासन। थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने चौकी के सिपाहियों पर अश्लीलता से पेश आने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला ने मामले की शिकात मुख्यमंत्री सहित पुलिस महकमे के उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर की है।महिला का आरोप है कि उसके पति को झंडी चौकी पुलिस 13 जून को वारंट बताकर घर से लाई थी, जबकि कोई वारंट नहीं है। शाम को जब पति घर नहीं आया तो वह पति से मिलने पुलिस चौकी पहुंची। पुलिस से पति को छोड़ने की गुहार की तो सिपाही अश्लीलता से पेश आने लगे। सिपाहियों ने जाति सूचक गाली दी। चौकी इंचार्ज दुर्गेश शर्मा ने बताया कि महिला झूठे आरोप लगा रही है।

एक नजर

सेना में हवलदार की पत्नी ने की आत्महत्या

बरेली : कैंट क्षेत्र के जाट रेजिमेंट सेंटर में तैनात हवलदार की पत्नी ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने कमरे में छानबीन की लेकिन कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। आंध्रप्रदेश के प्रकाशम जिले के रचरला थाना गौथरमम गांव निवासी एनएल राव कैंट के जाट रेजिमेंट में हवलदार हैं। उनकी पत्नी एम गलीना ने सोमवार की देर रात में पंखे के कुंडे में चुन्नी के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पति ने मंगलवार की सुबह देखने के बाद पुलिस को सूचना दी। एम गलीना ने आत्महत्या क्यों की, इस बारे में पति ने कुछ भी जानकारी होने से इन्कार किया है।

बीएससी जीव विज्ञान में सबसे अधिक आवेदन

बरेली। बरेली कॉलेज में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए अब तक करीब सात हजार पंजीकरण हो गए हैं। इनमें सबसे अधिक जीव विज्ञान की 720 सीटों के लिए 1595 पंजीकरण हुए हैं। ऐसे में इसकी मेरिट काफी हाई जाएगी। वहीं बीए की 1840 सीटों के सापेक्ष 2784 पंजीकरण हुए हैं। बीएससी गणित और बीकॉम में सीटों से कम पंजीकरण हुए हैं, जिसमें बीकॉम की 1040 सीटों के सापेक्ष सिर्फ 795 और बीएससी गणित की 840 सीटों के सापेक्ष सिर्फ 568 पंजीकरण हुए हैं। आने वाले दिनों में सीटों की संख्या तक पंजीकरण होना मुश्किल लग रहा है। इसके अलावा बीबीए में 409, बीसीए में 468 और बीकॉम ऑनर्स में 244 पंजीकरण हुए हैं।

छेड़छाड़ में वांछित दंपती गिरफ्तार

कांट। कांट पुलिस ने छेड़छाड़ के मामले में वांछित पट्टी पूर्वी निवासी विकास सिंह और उसकी पत्नी शांति उर्फ सोनी को गिरफ्तार किया है। विकास पर मुरादाबाद क्षेत्र के थाना पाकबाड़ा के एक गांव निवासी युवती ने आरोप लगाया था कि 2023 में उसे जन्मदिन में घर पर बुलाकर कमरे में बंद कर दिया गया। दोनों आरोपियों ने तीन अन्य लोगों के साथ मिलकर उसे नशीला पदार्थ खिला दिया और उसके साथ अश्लील हरकत व छेड़छाड़ की। विकास सिंह मूल निवासी हिमाउपुर थाना भौगांव जिला मैनपुरी का है।

ब्लॉक की वजह से 22 ट्रेनों की रफ्तार पर लगेगा ब्रेक

बरेली-मुरादाबाद रेल खंड के दुगनपुर रेलवे स्टेशन पर 26 तक मेगा ब्लॉक

बरेली कार्यालय

अमृत विचार : रेल यात्रियों को अगले एक सप्ताह तक सफर करना आसान नहीं होगा। मुरादाबाद-बरेली रेल खंड के बीच दुगनपुर स्टेशन यार्ड में मरम्मत की वजह से 19 से 26 जून तक मेगा ब्लॉक की वजह से 24 ट्रेनों की रफ्तार पर ब्रेक लग जाएगा। ब्लॉक की वजह से नौ ट्रेनों को रेग्युलेट और नौ ट्रेनों को रीशेड्यूल किया गया है। इसके अलावा चार ट्रेनों का मार्ग बदल दिया गया है।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार 20504 नई दिल्ली डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस 22 जून को, 20506 नई दिल्ली डिब्रूगढ़ राजधानी 23 जून को, 15211 दरभंगा अमृतसर 20 से 22 जून को, 12204 अमृतर-सहरसा गरीब रथ 22 व 23 जून को, 14603 अमृतसर जनसाधारण 21 जून को अपने-अपने निर्धारित स्टेशन से 75-75 मिनट की देरी से चलाई जाएंगी। वहीं 04067 दरभंगा दिल्ली स्पेशल 19 व 23 जून को 90 मिनट, 04096 आनंद विहार अयोध्या स्पेशल 20 जून को 180 मिनट व 24 जून को 120 मिनट, 04680 गुवाहटी स्पेशल ट्रेन 21 जून को 240 मिनट देरी से चलेंगी। इसके अलावा 20506 डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस 20 जून को, 20504 डिब्रूगढ़ राजधानी 24 जून को, 15211 अमृतसर जननायक एक्सप्रेस 19 व 23 जून को मार्ग में 30-30 मिनट रेग्युलेट की जाएंगी, जबकि 12326 गुरमुखी सुपरफास्ट 22 जून को, 15128 काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस 22 व 23 जून को 45-45 मिनट नियंत्रित की जाएंगी। 05531 आनंद विहार स्पेशल 23 जून को 60 मिनट, 04624 वाराणसी स्पेशल 23 जून को 120 मिनट, 04028 सहरसा स्पेशल 24 जून को 120 मिनट और 05310 मऊ स्पेशल 24 जून को 120 मिनट मार्ग में नियंत्रित की जाएगी।

- **अवध असम, गरीब रथ जननायक एक्सप्रेस का संचालन होगा प्रभावित**

डायवर्ट चार ट्रेनें जंक्शन पर रहेंगी निरस्त

रेल प्रशासन की तरफ से चार ट्रेनों को डायवर्ट भी किया गया है। जिनका मार्ग बदलने के कारण इन ट्रेनों का संचालन बरेली जंक्शन पर निरस्त रहेगा। अधिकारियों के मुताबिक 12204 अमृतसर-सहरसा 22 जून को मुरादाबाद-चंदौसी-बरेली कैंट के रास्ते चलेगी। 15909 अवध असम एक्सप्रेस 18 व 22 जून को बरेली कैंट-चंदौसी-मुरादाबाद रे रास्ते चलेगी। 12369 कुंभ एक्सप्रेस 19 व 23 जून को बरेली कैंट-चंदौसी-मुरादाबाद के रास्ते से होकर गुजरेगी। 15910 अवध असम एक्सप्रेस 19 व 23 जून को मुरादाबाद-चंदौसी-बरेली कैंट के रास्ते चलेगी। इन ट्रेनों का ठहराव बरेली जंक्शन और रामपुर में नहीं होगा।

गर्मी.. ! मोर्चरी में ही निकल गया कर्मचारी का दम

बरेली, अमृत विचार : भीषण गर्मी से तपती जिला अस्पताल की मोर्चरी में काम करने राजा नाम के युवक की सोमवार शाम अचानक मौत हो गई। स्टाफ के मुताबिक मौत से दो घंटे पहले तक राजा पूरी तरह स्वस्थ था। गर्मी को उसकी मौत का कारण बताया जा रहा है। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम होगा। राजा को सोमवार शाम चार बजे शवगृह में ही मृत पाया गया। इससे स्टाफ में खलबली मच गई। स्टाफ के मुताबिक राजा पूरी तरह स्वस्थ था। दोपहर करीब दो बजे उसे अस्पताल परिसर में अच्छा-खासा घूमते देखा गया था। चार बजे स्टाफ ने उसे मोर्चरी में ही मृत अवस्था में पड़ा पाया। उनका कहना है कि मोर्चरी में सिर्फ दो पंखे लगे हुए हैं जो इस भीषण गर्मी में नाकाफी हैं। इसके साथ मोर्चरी में रखे फ्रीजरों की वजह से गर्मी और बढ़ जाती है। ज्यादा संभावना गर्मी की वजह से ही उसकी मौत होने का है। हालांकि पोस्टमार्टम के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट होगा।

- **दो घंटे पहले तक अच्छा-खासा जिला अस्पताल में घूम रहा था राजा**

भीषण गर्मी में यूजीसी नेट की परीक्षा में अभ्यर्थी बेहाल

बरेली कार्यालय

अमृत विचार : राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से यूजीसी नेट परीक्षा मंगलवार को 10 केंद्रों पर हुई। भीषण गर्मी में केंद्रों पर परीक्षा देने पहुंचे अभ्यर्थी बेहाल हो गए। सबसे जयादा परेशानी दोपहर की पाली में अभ्यर्थियों को हुई। वहीं कई कुछ केंद्रों पर अभ्यर्थियों से सामान जमा करने के नाम पर रुपये भी वसूले गए, जिससे अभ्यर्थियों की परेशानी और बढ़ गई। परीक्षा में 82 प्रतिशत अभ्यर्थी उपस्थित रहे।

पहली पाली में पंजीकृत 3,162 में से 2599 और दूसरी पाली में 4468 में से 3663 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा के दौरान कई केंद्रों पर बायोमेट्रिक सिस्टम ठीक से काम नहीं करने की वजह से भी अभ्यर्थियों को परेशानी हुई। इसके वजह से परीक्षा कक्ष में भी अभ्यर्थी देर से पहुंचे। सुबह की पाली में परीक्षा देकर बाहर आते छात्रों ने बताया कि ओवर ऑल पेपर ठीक रहा। तैयारी के अनुसार ही प्रश्न पूछे गए थे। परीक्षा देकर बाहर निकली अभ्यर्थी रेहाना ने बताया कि पेपर ठीक रहा, हालांकि तैयारी के मुताबिक किसी तरह के पैटर्न में बदलाव नहीं हुआ लेकिन प्रश्नों को कठिन तरीके से पूछा गया था। अंजलि ने बताया कि लंबे समय से तैयारी चल रही थी, पेपर देकर उम्मीद है कि सफलता जरूर मिलेगी। दोपहर की पाली में अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में अभ्यर्थियों को भीषण गर्मी और तेज हवाओं से परेशानी हुई। इसके बाद परीक्षा केंद्रों पर भी तपते कमरों से परेशानी हुई। पंखों की गर्म हवा से प्रश्नपत्र हल करने में भी परेशानी हुई। कई अभ्यर्थियों का कहना था कि भीषण गर्मी में परीक्षा नहीं करानी चाहिए थी। एनटीए के सिटी समन्वयक वीके मिश्रा ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा सकुशल संपन्न हो गई।

- **10 केंद्रों पर 6,262 अभ्यर्थियों ने दी यूजीसी नेट परीक्षा**
- **कुछ केंद्रों पर सामान जमा कराने के बहाने वसूले रुपये**

दहेज हत्या का आरोपी गिरफ्तार जेल भेजा

पुवायां, अमृत विचार: हरदोई के थाना कछौना के गाजू पंजाबी खेड़ा के रणजीत सिंह ने बहन की हत्या के आरोप में चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें से पुलिस ने एक आरोपी तजेंद्र सिंह उर्फ राजवीर पुत्र जगदीप सिंह निवासी खिरिया बरबटपुर पुवायां को गिरफ्तार का जेल भेज दिया।

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी तजेंद्र सिंह।

प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय ने बताया कि रणजीत सिंह निवासी गाजू पंजाबी खेड़ा थाना कछौना हरदोई ने 15 जून को बहन की दहेज हत्या के आरोप में तजेंद्र सिंह उर्फ राजवीर पुत्र जगदीप सिंह, सुखविंदर कौर पत्नी जगदीप सिंह, कमलजीत कौर पत्नी रणजीत सिंह, रणजीत सिंह पुत्र बलदेव सिंह निवासी गांव जारमानो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। मंगलवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मुख्य आरोपी तजेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षाएं आगे बढ़ीं

बरेली, अमृत विचार: संघ लोकसेवा आयोग की परीक्षा और भर्ती परीक्षा 2024 की वजह से रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एलएलबी, एलएलएम और एमएड की प्रवेश परीक्षाओं की तिथि आगे बढ़ा दी है। 7 जुलाई को होने वाली परीक्षाएं अब निर्धारित समय सुबह 9:30 से 10:30 बजे तक 1 से 2:30 बजे तक होंगी।

कुलसचिव संजीव कुमार के मुताबिक एलएलबी और एलएलएम की परीक्षा सुबह पहली पाली और एमएड की परीक्षा द्वितीय पाली में होगी। तीनों पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 4992 पंजीकरण हुए हैं। एलएलबी में सीटों के सापेक्ष पांच गुना से अधिक पंजीकरण हुए हैं।

प्रवेश परीक्षा के लिए पंजीकरण 18 मई से 17 जून तक हुए। एलएलबी की प्रवेश परीक्षा सिर्फ बरेली कॉलेज की 320 और केजीके कॉलेज की 300 सीटों के लिए हो रही है। दोनों कॉलेजों की 620 सीटों पर प्रवेश के लिए 17 जून तक 3516 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। इसी तरह एलएलएम की विश्वविद्यालय परिसर की 90, स्वामी शुकदेवानंद लॉ कॉलेज शाहजहांपुर की 20, कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ बिजनौर की 20 और हाकिम मेहताबुद्दीन हाशमी कॉलेज लॉ कॉलेज अमरोहा की 20 सीटों के लिए प्रवेश परीक्षा होगी।

एलएलएम की 150 सीटों के लिए 759 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। इसके अलावा एमएड की विश्वविद्यालय परिसर की 50 और हिंदू कॉलेज मुरादाबाद की 50 सीटों के लिए प्रवेश परीक्षा होगी। इन सौ सीटों के लिए 717 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है।

- **संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा की वजह से लिया गया निर्णय**
- **एलएलबी में प्रवेश को अब तक 3516 अभ्यर्थियों ने कराया पंजीकरण**

धक्का देने से बेहोश हुआ, नहर में डुबोकर हत्या

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : जिला बिजनौर के चरन सिंह का अपहरण करके हत्या कर दी गई थी। दो लोगों ने उसे धक्का दिया। युवक बेहोश हो गया तो उसे मरा जानकर अलीगढ़ में नहर में फेंक दिया। दातागंज कोतवाली पुलिस ने दो हत्यारोपियों को अलीगढ़ से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों से पूछताछ करके जेल भेज दिया। जिला बिजनौर के थाना धामपुर क्षेत्र के गांव फतेहपुर लाल उर्फ उदुपुरा निवासी चरन सिंह चौहान ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांवों में डाली जा रही पाइपलाइन के लिए अपना ट्रैक्टर किराए पर दिया था। वह सात जून को लापता हो गए थे। 10 जून को उनके परिजन प्रशांत कुमार ने अलीगढ़ के थाना अतरौली क्षेत्र के गांव जमना खेड़िया निवासी ठेकेदार गोपाल पुत्र भानू प्रकाश और बबलू पुत्र राजेंद्र के खिलाफ अपहरण के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। दातागंज पुलिस ने मंगलवार को गोपाल को अलीगढ़ के बह्मपुर चौराहे और बबलू को अलीगढ़ के बौरा तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में गोपाल ने बताया कि वह जल जीवन मिशन के अंतर्गत दातागंज के गांव पड़ेली बझेड़ा और बराही में पानी की टंकी के लिए पाइपलाइन डालने का काम करता है।

पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी।

लगभग एक साल पहले उसने फतेहपुर लाल उर्फ उदुपुरा निवासी चरन सिंह पुत्र विक्रम सिंह के गांव में पाइपलाइन डालने का काम किया था। तभी से चरन सिंह से पहचान हो गई थी। जिसके चलते उन्होंने चरन सिंह को गांव पड़ेली बझेड़ा व बराही में काम के लिए बुलाया था। चरन सिंह की ट्रैक्टर-ट्राली और कंप्रेशर मशीन 1500 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से चलती थी। 7 जून को चरन सिंह उसके पास गांव बराही आए थे। वह और चरन सिंह खाना खाने के लिए बबलू के साथ गांव पड़ेली बझेड़ा के स्कूल पर गए। तीनों लोगों ने स्कूल में बैठकर शराब पी थी। बबलू ने खाना बनाया।

शराब पीते और खाना खाते रात डेढ़ बज गया था। चरन सिंह शराब पीने के साथ सुल्फा भी पी रहे थे। उसे नशा ज्यादा हो गया तो उसने गोपाल और बबलू को गाली देना शुरू कर दिया। जिसके चलते बहस शुरू हो गई। गोपाल और बबलू ने गुस्से में चरन सिंह को धक्का दे दिया। वह जमीन पर गिरकर बेहोश हो गया। गोपाल और बबलू ने उसके चेहरे पर पानी के छींटे मारे लेकिन वह नहीं उठा। उन्होंने सोचा कि चरन सिंह मर गया है और वह लोग फंस जाएंगे। दोनों ने स्कूल में पड़े प्लास्टिक के कट्टे में चरन सिंह को रखा और ट्राली में रखकर पाइप से दबा दिया।

अगले दिन सुबह ट्रैक्टर-ट्राली से लेजाकर उसे जिला अलीगढ़ के गांव दादो के पास छोटी नहर में फेंक दिया। पुलिस ने दर्ज रिपोर्ट में दोनों के खिलाफ अपहरण के अलावा हत्या और साक्ष्य छिपाने की धाराएं बढ़ाई हैं।

- **गाली-गलौज करने पर दो लोगों ने युवक को दिया था धक्का बेहोश होने पर नहर में फेंका**
- **सात जून से लापता था जिला बिजनौर का चरन सिंह, नौ जून को अलीगढ़ में नहर में मिला था शव**

नहर में फेंक दिया मोबाइल फोन

पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह शव को सुनसान नहर के पास ले गए थे। जहां ट्राली से चरन सिंह का शव ट्राली से नीचे उतारा। उस दौरान ऐसा लग रहा था कि चरन सिंह ने कुछ हरकत की है। वह जिंदा लग रहा था। दोनों घबरा गए। उन्होंने कट्टे में रखे शव को 10 से 15 मिनट तक नहर के पानी में डुबोकर रखा। शव पानी में नीचे चला गया तो उसका मोबाइल भी नहर में फेंक दिया। इसके बाद वह दोनों अपने गांव चले गए थे और अगले दिन गांव पड़ेली बझेड़ा आकर काम कराने लगे। नौ जून को चरन सिंह का शव नहर में मिला था।

सब का मालिक एक है।
दुआ भी तक़दीर बदल सकती है।
समस्या है तो समाधान भी है।
गुरु अजमेरी जी
स्पेशलिस्ट वशीकरण व मुठकरनी
घर में बरकत, कारोबार में परेशानी, गृहक्लेश सौतन व दुश्मन से छुटकारा, मन चाहा प्यार पति पत्नि में अनबन, विदेश यात्रा, किया कराया उपरी असर, जादू टोना, बीमारी में दवा का ना लगना कोर्ट कचहरी कर्ज मुक्ति, लक्ष्मी बंधन आदि
नोट : अगर किसी का पति, बेटा बेटी किसी के वश में हो तो हमसे मिलें।
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें या मिलें।
धोका नहीं 100% हर समस्याओं का समाधान 9720278984 बरेली

ट्रेन की चपेट में आकर मोर की मौत

विजय नगला, अमृत विचार : थाना बिनावर क्षेत्र में ट्रेन की चपेट में आकर राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई। हादसा मंगलवार सुबह बरेली-मथुरा राजमार्ग पर मलगांव रेलवे क्रासिंग के पास हुआ। एक मोर खेत से रेलवे लाइन पार करता हुआ दूसरी ओर जा रहा था। इसी दौरान ट्रेन गुजरी और मोर ट्रेन की चपेट में आ गया। मौके पर ही मोर की मौत हो गई। ग्रामीणों ने पीपल्स फॉर एनिमल्स संस्था के अध्यक्ष व पशु प्रेमी विकेंद्र शर्मा को सूचना दी। पशु प्रेमी ने वन रेंजर आकांक्षा गुप्ता को अवगत कराया। उन्होंने वन दारोगा शुभव प्रताप व लईक को भेजा। वन विभाग के दोनों अधिकारी एसी कार से शव आईवीआरआई ले गए।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

कार की टक्कर से बाइक सवार संग्रह अमीन की गई जान

संग्रह अमीन की मौत पर विलाप करतीं परिजन। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिसौली

अमृत विचार : वसूली करके वापस लौट रहे तहसील बिसौली के संग्रह अमीन की बाइक को मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग स्थित गांव कालूपुर के पास कार ने टक्कर मार दी। हादसे में संग्रह अमीन की मौके पर मौत हो गई। सूचना मिलने पर चीत्कार करते परिजन पहुंचे। तहसील के अधिकारी आ गए। परिजनों को ढांढस बंधाया।

कस्बा बिसौली की गायत्री कॉलोनी निवासी संजीव सक्सेना (50) तहसील बिसौली में संग्रह अमीन थे। मंगलवार दोपहर वह आसपास के गांवों में वसूली करने के लिए बाइक से गए थे। वसूली करने के बाद वह एमएफ राजमार्ग होते हुए वापस आ रहे थे। राजमार्ग के गांव कालूपुर के पास बिसौली की ओर से तेज रफ्तार से आई ईको कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी करके कार को रोक लिया। चालक फरार है। पुलिस संग्रह अमीन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी होने पर उनकी पत्नी पंकज और बेटा लकी सीएचसी पर पहुंच गए।

- **गांवों से वसूली करने के बाद वापस लौटकर आ रहे थे संजीव**

पति समेत पांच के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

तिलहर। एसपी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज की है। गांव पिपरौली निवासी पुष्पा देवी ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी शादी कलान थाना के गांव नरसुइया निवासी रजनीश कुमार के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराली बाइक की मांग को लेकर लगातार उसका उत्पीड़न कर रहे थे। कई बार रिश्तेदारों द्वारा पंचायत भी की गई लेकिन उनमें कोई सुधार नहीं आया। आरोप है कि विगत 12 मई को ससुरालियों ने मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। इस मामले में उसने पुलिस को तहरीर भी थी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने महिला के पति रजनीश कुमार, ससुर मुंशीलाल, सास, देवर अखिलेश तथा ननद पूनम के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज की है।

सीढ़ी से घुसकर धान सेलर से हजारों की चोरी

बदायूं। सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र में प्रीत बिहार कॉलोनी निवासी अमित पटेल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह सोमवार शाम अपने धान का सेलर बंद करके घर चले गए थे। अगले दिन भाई सत्यम पटेल सेलर पर पहुंचा तो मेन गेट बंद था लेकिन भीतर का दरवाजा टूटा हुआ मिला। चोर सीढ़ी लगाकर भीतर घुसे थे। गुल्लक में रखे 45 हजार रुपये, दो गैस सिलेंडर आदि सामान ले गए। प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई ने बताया कि तहरीर आने पर कार्रवाई की जाएगी।

सार-संक्षेप

चर्चित हिमांशु गिहार एनकाउंटर केस की सुनवाई पूरी

बरेली। 18 वर्ष पुराने चर्चित हिमांशु गिहार एनकाउंटर केस की सुनवाई मंगलवार को पूरी हो गयी। सेशन कोर्ट ने आदेश के लिए 25 जून की तिथि नियत की है। शाहजहांपुर निवासी अशोक गिहार ने गृह सचिव के आदेश से 19 अगस्त 2006 को कटरा के तत्कालीन थानाध्यक्ष दिनेश सिंह समेत 4 के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी थी। आरोप था कि 6 जनवरी 2006 को थानाध्यक्ष दिनेश सिंह, उनके जीप चालक अंजनी, सिपाही कमलेश और सुरेश ने फर्जी मुठभेड़ दिखाकर फरीदपुर थानाक्षेत्र के गुलाबनगर गांव के पास शाहजहांपुर निवासी हिमांशु गिहार (18) की हत्या कर दी थी। उस समय हिमांशु अपने दो दोस्तों के साथ बाइक से क्रिकेट खेलने जा रहा था। कटरा पुलिस तिलहर के एक व्यापारी के यहां हुई डकैती को लेकर चेकिंग कर रही थी। सीबीसीआईडी जांच के बाद इस मामले मे मीरानपुर कटरा के तत्कालीन एसओ दिनेश कुमार सिंह, सिपाही कमलेश, सुरेश व अंजनि पांडेय समेत 4 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई थी। सीबीसीआईडी ने चार्जशीट दाखिल की थी। इसके बाद कोर्ट ने चारों आरोपियों के खिलाफ आरोप तय कर मामले की सुनवाई शुरू की थी। वादी मुकदमा अशोक गिहार समेत इस मामले मे 46 लोगों को सीबीसीआई ने गवाह बनाया गया था।

नाली में लगा दी जाली, नहीं हो रहा पानी का निकास

शाहजहांपुर। नगर निगम कार्यालय में मंगलवार को संभव कार्यक्रम के तहत जनसुनवाई दिवस का आयोजन किया गया। अधिकारियों ने शिकायतों को सुना और उनके निस्तारण के लिए आश्वासन देने के साथ संबंधितों को निर्देशित किया। जनसुनवाई में शिकायत लेकर पहुंचे वेदपाल सिंह ने बताया कि निगोही रोड स्थित बांकेबिहारी कॉलोनी में नाली टूट गई थी। जिसकी मरम्मत कराई जानी है। इसके साथ ही कॉलोनी में गोवंश के लिए पानी उपलब्ध करवाने के लिए पात्र रखवाया जाना है। नगर निगम के लेखा परीक्षक ने बताया कि समाधान का आश्वासन दिया। लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने बताया कि महाकाली पैलेस के पास नया मकान बनवाने वालों ने नाली में जाली लगा दी है। जिससे पानी का निकास नहीं हो पा रहा। नाली चोक होने से पानी सड़क पर गंदगी हो रही है। अधिकारियों ने संबंधित को मौके पर जाकर देखने और समस्या के समाधान का निर्देश दिया। इसी तरह से बृज विहार कॉलोनी के लोगों ने बताया कि एक व्यक्ति ने सड़क पर कूलर लगा लिया है। इसकी वजह से निकलने की जगह नहीं रही। जिस पर उन्हें समस्या का निस्तारण कराने का आश्वासन दिया है।

बंटवारे को लेकर भाइयों में मारपीट

रौसर कोठी। रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव कनेंग में बंटवारे को लेकर हुए विवाद में तो भाइयों के परिवार के बीच जमकर मारपीट हो गई। मारपीट में एक भाई का पुत्र और पत्नी घायल हो गए। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव कनेंग निवासी रामकुमार एवं रामस्वरूप दोनो भाई हैं। उनके बीच बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। मंगलवार को रामकुमार का बेटा अर्जुन घर से बाजार जा रहा था। तभी रास्ते में रामस्वरूप गाली गलौज करने लगा विरोध करने पर उसने अर्जुन को लातों घूसों से जमकर पीट दिया। बीच बचाव में आई रामकुमार की पत्नी के साथ भी मारपीट की। इंस्पेक्टर चंद्र प्रकाश शुक्ला ने बताया कि मामले में रामकुमार पर रामस्वरूप, छोटेलाल और उर्मिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

अश्लील हरकतों का विरोध करने पर महिला का सिर फोड़ा

कछला। छेड़छाड़ का विरोध करने पर युवक ने महिला के सिर में रॉड मारकर घायल कर दिया। कस्बा निवासी महिला घर के बाहर कार्य कर रही थी। इसी दौरान मोहल्ले का नेकसू महिला को अश्लील इशारे करने लगा। महिला ने जब इसका विरोध किया तो वह हमलावर हो गया और लोहे की रॉड से महिला का सिर फोड़ दिया। उसके पुत्रों पवन, सुशील, भरत ने भी महिला की पिटाई कर दी। आरोपी मरा समझ कर छोड़कर भाग गये। पीड़िता के देवर ने हमलावरों के विरुद्ध उझानी कोतवाली में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया है।

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
प्रवेश प्रारम्भ
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
● बी.ए. (जर्नलिज्म) ● एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
● बी.ए. (मास कम्युनिकेशन) ● एम.ए. (अंग्रेजी)
● एम.ए. (जर्नलिज्म) ● एम.ए. (मनोविज्ञान)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● बी.कॉम. (ऑनर्स) ● एम.कॉम.
● बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन) ● एम.बी.ए.
● बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202)
श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404)
श्री अतुल बाबू (7409998289)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैने अपने पुत्र जीशान व मुन्ना पुत्रगण नसीर अहमद को गलत आचरण के चलते अपनी चल और अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में वह अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा उनसे कोई वास्ता नहीं है। **नसीर अहमद पुत्र अब्दुल्ला नि.ग्राम- शेरपुर कलां थाना- पूरनपुर (पीलीभीत)**

आवश्यकता है
एक कम्प्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है। योग्यता 12वीं पास नीचे दिये गये मोबाइल नम्बर पर whatsapp करें। **पता :- आजाद नगर, नजदीक सैटेलाइट बस स्टैंड बरेली**
8439962328

सूचना
सूचित किया जाता है कि मेरा एम.जे.पी. रोहिलखंड यूनिवर्सिटी का माइग्रेशन सर्टिफिकेट जिसका नं. 1561024021 है। वास्तव में कहीं खो गया है। **अदिति वर्मा पुत्री रामू वर्मा, निवासी- ए-2, खंडेलवाल नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली**

सूचना
मैं सुनील चावला नं. 14635824P नायक (रिटायर्ड) मेरे आर्मी के दस्तावेज में मेरी पत्नी का नाम रीतू चावला (जन्मतिथि 10.06.1984) पुत्री महेश छावड़ा दर्ज है जबकि उसका सही नाम हेमा चावला (जन्मतिथि 10.06.1984) पुत्री महेश छावड़ा है। अतः उसका सही नाम दर्ज किया जाये।

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

चुनाव आयुक्त ने श्री कल्कि धाम में किया दर्शन-पूजन

संभल, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के बाद चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने मंगलवार को संभल में श्री कल्कि विष्णु मंदिर और ऐंचौड़ा कम्बोह में श्री कल्कि धाम के गर्भगृह में दर्शन पूजन किया। चुनाव आयुक्त ने कहा कि श्री कल्कि धाम आकर उन्हें अत्यंत सकारात्मक ऊर्जा की अनुभूति हुई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐंचौड़ा कम्बोह में स्थित श्री कल्कि धाम के गर्भगृह में शिलाओं को स्थापित किया था। श्री कल्कि धाम के दर्शन करने के लिए मंगलवार को चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार सपत्नीक पहुंचे। श्री कल्कि धाम में प्रधान लवकुश शर्मा और ऐंचौड़ा कम्बोह थाना प्रभारी रेनू देवी ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का स्वागत किया।

यहां श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम के प्रतिनिधि सत्यानंद महाराज ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को गर्भगृह स्थान का दर्शन कराकर पूजन कराया। चुनाव आयुक्त ने प्रधानमंत्री द्वारा स्थापित की गईं शिलाओं के दर्शन किए।

ईरान से मिले आपके पार्सल में ड्रग्स है...ठग लिए 10 लाख

पीड़िता ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

मुरादाबाद कार्यालय

अमृत विचार : एनएसबी ऑफिसर बोल रहा हूं... मुंबई एयरपोर्ट पर आपका पार्सल प्राप्त हुआ है। ईरान से आया है... इसमें ड्रग्स है, आपके विरुद्ध कार्रवाई हो रही है। वेरिफिकेशन के नाम पर उसने युवती के खाते से 10 लाख रुपये पार कर दिए। ठगी का अहसास होने पर पीड़िता ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध साइबर क्राइम थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

पीड़िता कृतिका पोरवाल पुत्री अजय पोरवाल सिविल लाइंस थाना क्षेत्र अवंतिका कालोनी की निवासी है। वह एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। कृतिका ने साइबर अपराध थाने में दर्ज कराई एफआईआर में कहा है कि वह 31 मई की सुबह 9.30 बजे अपने माता-पिता के पास आई थी। उसी समय अपरिचित नंबर से कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने खुद को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) का अधिकारी बताया था। आरोपी ने उससे कहा था कि मुंबई एयरपोर्ट पर एक पार्सल पकड़ा गया है। पार्सल ईरान से आया है। इसमें ड्रग्स है।

> पीड़िता की तरफ से तहरीर मिली है। अज्ञात आरोपी के विरुद्ध साइबर क्राइम थाने में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी की पहचान कर गिरफ्तार करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।
> – **सुभाष चंद्र गंगवार**, एसपी क्राइम

पार्सल आपके (कृतिका पोरवाल) नाम से मिला है। इस पार्सल को एनसीबी ने जब्त किया है। इस मामले में आपके विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जा रही है। कृतिका ने आरोपी को बताया कि उन्होंने ऐसा कोई पार्सल नहीं मंगवाया है। जिस पर आरोपी ने कृतिका से पुलिस वेरिफिकेशन कराने को कहा। उसने कहा कि ऐसे मामलों में पुलिस वेरिफिकेशन के बाद संबंधित को भी क्लीयरेंस सर्टिफिकेट दिया गया है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने उन्हें स्केप एप के जरिए कॉल की थी और डराने धमकाने लगा था। इसी बातचीत के बीच में ही आरोपी ने युवती का मोबाइल हैक कर लिया था। मोबाइल फोन पर आईसीआईसीआई बैंक एप्लीकेशन से पूर्व अनुमोदित ऋण कराकर 5 लाख रुपये के लोन की धनराशि अपने खाते में ट्रांसफर कर ली थी। फिर आरोपी ने युवती के खाते से 5 लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए थे।

थाना प्रभारियों के खास पुलिस कर्मियों व सीओ के ड्राइवर पर भी गाज

बहजोई/संभल। पुलिस अधीक्षक ने हजरत नगर गढ़ी से मुख्य आरक्षी हेमराज सिंह, हयातनगर से गजेंद्र सिंह, बहजोई से गोपालचंद्र, जुनावई से जावेद अली, गुन्नौर से विकास मलिक और रोहित यादव, रजपुरा से नवनीत चौधरी और गौरव चौधरी, चंदौसी से तेज सिंह को भी लाइन हाजिर किया है।

आरक्षियों में हयातनगर से आयुष, नखासा से चालक मोहम्मद रफी, सीओ असमोली के वाहन चालक राकेश शर्मा, असमोली से विकेश बालियान, बहजोई से प्राशु तोमर, नरेश कुमार, कुलदीप सिंह, जुनावई से कादिर, गुन्नौर से सिद्धार्थ मलिक और मोहित मलिक, धनारी से दीपक राठी और आदित्य राठी, रजपुरा से सुरेंद्र सिंह, बनियाठेर से धर्मेंद्र शर्मा और एचोड़ा कंबोह से शुभम आर्य को भी लाइन हाजिर किया गया है।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने बनाई चाय

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मंगलवार को भी नैनीताल के भ्रमण पर रहे। सुबह वह मॉर्निंग वॉक के लिए निकले। उन्होंने बड़ा बाजार, पंत पार्क क्षेत्र में स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों से मुलाकात कर हालचाल जाना।

इस दौरान सीएम धामी पंत पार्क क्षेत्र में चाय की दुकान पर पहुंचे, जहां उन्होंने खुद चाय बनाई और चाय पीने के साथ-साथ अपने सहयोगियों और स्टाफ को भी चाय पिलाई। मुख्यमंत्री ने जार में जाकर स्थानीय व्यापारियों का हाल-चाल जाना। भ्रमण कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नैनीताल स्थित डीएसए खेल मैदान पहुंचे जहां उन्होंने खिलाड़ियों के साथ लंबा समय बिताया और फुटबॉल व बास्केटबॉल खेल। इस दौरान खिलाड़ियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से नैनीताल में रेसिंग ट्रैक, हॉकी, एस्ट्रोट्रफ समेत विभिन्न सुविधा नैनीताल को दिलाने की मांग की। मुख्यमंत्री ने नैनीताल में चल रही अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के खिलाड़ियों के साथ मुलाकात कर उत्तराखंड में हॉकी के स्तर को बढ़ाये जाने को लेकर कार्य करने का आश्वासन दिया। खेल मैदान के बाद मुख्यमंत्री जिला अस्पताल बीडी पांडे पहुंचे, जहां उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों का हाल-चाल जाना। मुख्यमंत्री को अचानक अपने बीच देखकर अस्पताल में भर्ती मरीज और उनके तीमारदार दंग रह गए। वहीं मुख्यमंत्री के अस्पताल आने की सूचना के बाद अस्पताल प्रबंधन में हड़कंप मच गया। इसके बाद मौके पर पहुंचे स्वास्थ्य अधिकारियों को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अस्पताल में आने वाले मरीजों को और अधिक बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय दिवस उत्तराखंड समेत पूरे देश में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुरू की गई छोटी सी पहल आज विश्व के हर घर-घर में फैल गई है। इस दौरान नेपाल से आए योगाचार्य के दल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की।

पंत पार्क क्षेत्र में दुकान में चाय बनाते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

- **पंत पार्क क्षेत्र में सहयोगियों और स्टाफ को चाय पिलाकर बाजार का भ्रमण किया**

गुन्नौर कोतवाल सहित 39 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

संवाददाता, बहजोई/संभल

- **लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद एसपी ने थानों से पुलिस कर्मियों को भेजा लाइन**
- **गोपनीय रिपोर्ट के बाद एसपी ने पुलिस कर्मियों के पर गिराई गाज**

अमृत विचार: पुलिस अधीक्षक ने लोकसभा चुनाव व ईद का त्योंहार निपटने के बाद तमाम आरोपों से घिरे पुलिस कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। गुन्नौर के कोतवाल के साथ ही एक दर्जन से ज्यादा दरोगाओं सहित विभिन्न थानों में तैनात 39 पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर किया है। पुलिस अधीक्षक की कार्रवाई के बाद पुलिस महकमें में हड़कंप मचा है।

एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर करने का जो आदेश जारी किया है उसमें सबसे पहला नाम गुन्नौर के प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार बालियान का है। अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना तथा महिला की हत्या के मामले में गुन्नौर कोतवाल पर गाज गिरने की बात कही जा रही है। वहीं जिन दरोगाओं को लाइन हाजिर किया गया है उनमें थाना नखासा से सैयद खान, असमोली से राज सिंह, संभल के चौकी प्रभारी चौधरी सराय सुनील कुमार, चौकी प्रभारी एकता थाना संभल जितेंद्र कुमार, बहजोई से अर्पणा बंसल, चौकी प्रभारी पतरिया थाना जुनावई से योगेश कुमार, चौकी प्रभारी कस्बा गुन्नौर सत्येंद्र कुमार, थाना धनारी से सुरेशपाल सिंह, चौकी प्रभारी लक्ष्मण गंज थाना चंदौसी से सचिन भाटी, थाना चंदौसी से कुंवरपाल सिंह, बनियाठेर की चौकी आटा के प्रभारी राधेश्याम शर्मा, एचौड़ा कंबोह के मनोज कुमार और सुभाष चंद्र सहित 13 दरोगाओं के नाम शामिल हैं।

यतीमखाने से जुड़े मामले में इंस्पेक्टर से हुई जिरह

रामपुर, अमृत विचार : यतीमखाने से जुड़े एक मामले में मंगलवार को इंस्पेक्टर से जिरह हुई। अब इस मामले में छह जुलाई की तारीख नियत की गई है। इस मामले की एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में सुनवाई चल रही है।

वर्ष 2019 में शहर कोतवाली की यतीमखाना बस्ती को खाली कराने के नाम पर मारपीट, लूटपाट, डकैती समेत कई धाराओं में 12 मुकदमे दर्ज कराए गए थे। इनमें सपा नेता आजम खां, रिटायर्ड सीओ आले हसन, इस्लाम ठेकेदार समेत कई सपाइयों को आरोपी बनाया गया था। यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है। मंगलवार को इस मामले में इंस्पेक्टर राजकुमार शर्मा से जिरह हुई। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया कि अब इस मामले की सुनवाई छह जुलाई को होगी।

कृषि विभाग में उपनल से लगे सहायक लेखाकारों की बहाली हो

विधि संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : हाईकोर्ट ने बीते बुधवार को कृषि विभाग में उपनल के माध्यम से कार्यरत सहायक लेखाकारों को हटाने के आदेश को रद्द करने के मामले में सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने कर्मचारियों को बहाली करने के निर्देश देकर कहा है कि जब तक सरकार की सर्वोच्च न्यायलय में लंबित विशेष अपील, राज्य सरकार बनाम किशन सिंह में कोई अंतिम निर्णय नहीं आ जाता तब तक सेवा बहाल की जाए। अगली सुनवाई 28 अगस्त को होगी।

मामले के अनुसार उपनल के माध्यम से सहायक लेखाकार के पद पर कार्यरत अजय कनवाल व 19 अन्य ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर कहा था कि सरकार ने अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से सहायक लेखाकार के पदों के लिए विज्ञप्ति जारी की, लेकिन इन

भर्तियों में उन्हें कोई प्राथमिकता नहीं दी गई। जबकि उन्हें प्राथमिकता दी जानी चाहिए थी, लेकिन एकलपीठ ने उन्हें कोई फौरी राहत नहीं दी । इसी बीच अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने विज्ञप्ति को निरस्त कर दिया था और लोक सेवा आयोग के माध्यम से इन पदों के लिये विज्ञप्ति जारी हुई। साथ ही 27 फरवरी 2024 को उनकी सेवा समाप्त कर दी गई । एकलपीठ के आदेश को अजय कनवाल व अन्य ने विशेष अपील दायर कर खंडपीठ में चुनौती दी। विशेष अपील में कहा गया कि कुंदन सिंह बनाम राज्य सरकार में हाईकोर्ट की ओर से उपनल के माध्यम से कार्य कर रहे कार्मिकों के नियमितीकरण का आदेश दिया है और जिस पर राज्य सरकार की अपील पर सुप्रीम कोर्ट ने स्थगनादेश दिया है।

कार शोरूम की पार्किंग में धधकी आग, तीन कार जलकर हुई राख

हल्द्वानी, अमृत विचार : गोरापड़ाव स्थित कार शोरूम की पार्किंग में मंगलवार की सुबह आग लग गई। आग ने तीन कारों को चपेट में ले लिया और कुछ ही देर में कारें जलकर राख हो गईं। सूचना पर पहुंची दमकल ने दूसरी कारों की ओर बढ़ रही आग पर काबू पाया। आग कैसे लगी, यह स्पष्ट नहीं हो सका।

हल्द्वानी निवासी गौरव सिंह का गोरापड़ाव में कार का शोरूम है। मंडी चौकी प्रभारी विजय मेहता ने बताया कि सुबह करीब आठ बजे डायल 112 पर शोरूम में आग लगने की सूचना मिली। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो शोरूम के पीछे बनी पार्किंग में खड़ी कारों में आग धधक रही थी। इसी बीच दमकल की टीम भी तीन वाटर टैंकरों के साथ मौके पर पहुंच गई। करीब पौन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

पुलिस नहीं अब कुमाऊं में एआई कैमरे काटेंगे चालान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : कुछ माह बाद वाहनों का चालान काटने के लिए न तो यातायात पुलिस की जरूरत होगी और न ही सीपीयू की। पुलिस का फोकस सिर्फ अपराध रोकने पर होगा। ऐसा इसलिए कि अब जल्द ही कुमाऊं में चालान काटने के लिए एआई कैमरों का इस्तेमाल किया जाएगा। पुलिस ने इसके लिए कार्य योजना बनानी शुरू कर दी है।

वर्तमान समय में पुलिस नैनीताल जिले के अधिकांश क्षेत्रों की सीसीटीवी कैमरों से निगरानी कर रही है। फिर वह रामनगर हो, हल्द्वानी या फिर नैनीताल। इसका कंट्रोल हल्द्वानी में पुलिस बहुउद्देशीय भवन में है। एसएसपी खुद भी अपने हल्द्वानी कार्यालय में बैठकर पूरे जिले की निगरानी करते हैं। इन कैमरों का इस्तेमाल अभी सिर्फ निगरानी करने के लिए हो रहा है। ऑडियो सिस्टम से लैस इन सीसीटीवी कैमरों के जरिये कंट्रोल रूम में बैठा पुलिस कर्मी यातायात में व्यवधान उत्पन्न करने को वालों को निर्देशित भी करता है। इनसे चालान भी किए जा सकते हैं, लेकिन ये काम मैन्युअल तरीके से करना पड़ता है।

बढ़ते पर्यटन और यातायात के बोझ को देखते हुए अब पुलिस एआई कैमरे लगाने की तैयारी कर रही है। बताया जाता है कि इन कैमरों के लगने के बाद मैन्युअल चालान बेहद कम हो जाएंगे। क्योंकि मैन्युअल चालान का स्थान ये कैमरे ले लेंगे। बात यहां-वहां गाड़ी करने की हो या फिर बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन या बिना सीट बेल्ट के कार चलाने की, ऐसे सभी चालान एआई कैमरे करेंगे। बड़ी बात यह है कि आपको पता भी नहीं चलेगा कि चालान कब हो गया। तभी पता चलेगा जब चालान का मैसेज आपके मोबाइल पर आएगा।

सांड़ ने बुजुर्ग को पटक-पटक कर मार डाला

काशीपुर, अमृत विचार: आवारा सांड ने एक बुजुर्ग को पटक-पटक कर मार डाला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जिला पौड़ी तहसील धूमकोट के ग्राम कलखोबिया हाल हेमपुर डिपो क्षेत्र के सैनिक कॉलोनी निवासी प्रेम सिंह रावत (75) मंगलवार शाम अपने घर के बाहर खड़े हुए थे। इसी दौरान उन्होंने देखा घर के पास एक आम के पेड़ के नीचे एक मजदूर दोपहर लगभग दो बजे खाना खा रहा था, जिसे एक आवारा सांड मारने जा रहा था। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग प्रेम सिंह रावत ने चीखते हुए एक ईंट का टुकड़ा उठाकर उसे मारने की प्रयास किया। इससे गुस्से में आया सांड उनकी ओर दौड़ पड़ा। जब तक वह कुछ समझ पाते सांड ने उन्हें जमीन पर पटक दिया। आसपास लोग जब तक दौड़ते की सांड पूरी तरह से बुजुर्ग पर हावी हो चुका था और कई बार उठा-उठाकर उन्हें पटक दिया। इससे वह गंभीर रुप से घायल हो गए।

खाई में गिरी कार, एक ही परिवार के चार लोग घायल

खाई में गिरी क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार

संवाददाता, टनकपुर

- **टनकपुर-पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर धौन के पास हुआ हादसा**

अमृत विचार: टनकपुर-पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर कार खाई में जा गिरी गई। हादसे में एक ही परिवार के चार लोग घायल हो गए।

आपदा प्रबंधन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक हल्द्वानी से मुनस्यारी जा रही कार मंगलवार को दोपहर पौने 2 बजे धौन के पास खाई में जा गिरी। कार में एक ही परिवार के चार लोग सवार थे। हादसे की जानकारी मिलने पर पुलिस ने स्थानीय लोगों के सहयोग से राहत और बचाव कार्य किया। इस घटना में गणेश सिंह (39), उनकी पत्नी ममता (31), बेटी प्रतिभा (13) और बेटा योगेश (10) चोटिल हो गए। सभी घायलों को चम्पावत जिला अस्पताल लाया गया। इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर डॉ. गोरांग जोशी ने बताया कि दोनों बच्चों के हाथ में ज्यादा चोट लगी है। जबकि गणेश और ममता को मामूली चोट आई है। कार चला रहे गणेश सिंह ने बताया कि चढ़ाई में उन्हें एकाएक झपकी आ गई। इसी दौरान धौन के पास कार बेकाबू हो खाई में गिर गई।

150 की बर्फ की सिल्ली 300 रुपये में बिक रही

चन्दौसी, अमृत विचार: भीषण गर्मी में बर्फ की मांग बढ़ गई है। लोग गर्मी से बचने के लिए ठंडे पानी का सहारा ले रहे हैं। जिससे जो बर्फ की सिल्ली 20 दिन पहले 150 रुपये की बाजार में उपलब्ध थी, वह अब 300 रुपये में ग्राहकों को मिल रही है। जिससे जरुतमंद लोगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। क्योंकि जो बर्फ पहले 10 रुपये में खरीद लेते थे, उतना बर्फ 20 से 25 रुपये में मिल रहा है।

इस समय गर्मी से हर तबके का व्यक्ति परेशानी है। हर कोई गर्मी से राहत पाने के लिए प्रयत्न कर रहा है। एक तबका ऐसा भी है, जो गर्मी से राहत पाने के लिए ठंडे पानी पर निर्भर हैं। ऐसे लोगों की संख्या अधिक है। जो रोजाना 10 से 20 रुपये का बाजार से बर्फ खरीद कर परिवार की प्यास बुझा रहे हैं। बर्फ के दाम बढ़ने से कमजोर वर्ग के लोग ज्यादा प्रभावित हैं।

जेल जाने के डर से निकल गई अकड़ शादी के लिए तैयार हो गया प्रेमी

संवाददाता, मसवासी

- **रविवार को प्रेमी से शादी की जिद पर अड़ी प्रेमिका पहुंच गई थी चौकी**
- **प्रेमी पर शारीरिक उत्पीड़न और गर्भपात कराने का लगाया था आरोप**

अमृत विचार : जेल जाने के डर से प्रेमी क्षण भर में ही प्रेमिका के साथ शादी के लिए तैयार हो गया। दो दिन पूर्व प्रेमिका ने पुलिस को देकर शादी से मुकरने वाले प्रेमी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। उसने प्रेमी पर शादी का झांसा देकर शारीरिक उत्पीड़न करने और गर्भपात कराने का आरोप भी लगाया था। पुलिस ने प्रेमी को जेल भेजने की धमकी दी तो वह शादी के लिए राजी हो गया। इसके बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया।

रविवार की देर शाम उत्तराखंड के एक गांव निवासी युवती पुलिस चौकी पहुंची। उसने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि दो वर्षों से उसका नगर के एक मोहल्ले में रहने वाले युवक से प्रेम-प्रसंग चल रहा है। प्रेमी ने शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण भी किया। इस दौरान वह गर्भवती हो गई। तब दो माह पूर्व प्रेमी ने उसका गर्भपात करा दिया। अब प्रेमी शादी करने से मना कर रहा है।

युवती की तहरीर पर पुलिस ने संज्ञान लिया और युवती के परिजनों और प्रेमी को चौकी बुला लिया। इसके बाद पुलिस ने प्रेमी को जेल भेजने की धमकी दी। जेल जाने के डर से प्रेमी की सारी अकड़ निकल गई और वह युवती से शादी करने को तैयार हो गया। इसके बाद चौकी में ही पहले से तय की हुई तारीख पर ही शादी करने को लेकर दोनों पक्षों में समझौता हो गया। इसके बाद दोनों पक्ष अपने-अपने घर चले गए। दोनों पक्षों में समझौते के चलते पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है।

छेड़छाड़ के विरोध पर मंगेतर ने जड़ा थप्पड़, शादी से भी किया इन्कार

स्वार। एक गांव निवासी युवती का रिश्ता मिलक के गांव हाशमीनगर निवासी आसिफ से तय किया गया था। इसके बाद दोनो फोन पर बातें करने लगे। आरोप है कि मंगेतर ने कई बार होटल में खाना खिलवाने के बहाने उसके साथ छेड़छाड़ की। पीड़िता के अनुसार 28 मई को मंगेतर ने उसे होटल में बुलाया। वहां मंगेतर के साथ उत्तराखंड के थाना कालाढूंगी निवासी उसका बहनोई सलीम भी था। खाना खाने के बाद मंगेतर व उसके बहनोई बाइक पर बैठाकर गांव छोड़ने जा रहे थे। रास्ते में दोनों उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए अश्लील बातें करने लगे। विरोध करने पर मंगेतर आग-बबूला हो गया। उसने बाइक रुकवाई और युवती को थप्पड़ मार दिया। रिश्ता तोड़ने की धमकी दी।

रंजिश के चलते महिला को घसीट कर पीटा, कपड़े फाड़े

चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार: थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के एक गांव में पिकअप सवार लोगों ने रंजिशन महिला को पीटा और कपड़े फाड़ दिए। बचाने आए पति के साथ भी मारपीट की। पुलिस ने नहीं सुनी तो पीड़िता ने एसपी को शिकायती पत्र भेज कर मदद की गुहार लगाई है।

पीड़ित महिला का शिकायती पत्र में कहना है कि गांव के कुछ लोग उसके परिवार से रंजिश रखते हैं। 17 जून दिन सोमवार को अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे वह मंदिर के पास स्थित सरकारी नल पर पानी भरने गई थी। उसी समय एक पिकअप गाड़ी वहां आकर रुकी। जिसमें से कुछ लोग गाली-गलौच करते हुए बाहर आए और उस पर हमला बोल दिया। कहा कि तेरा पति उनके खिलाफ बहुत शिकायतें देता है। विरोध करने पर बाल पकड़ कर घसीटते हुए उसे जम कर पीटा। उसके कपड़े फाड़ दिए। जिससे उसकी लज्जा भंग हो गई। बचाने आए पति को भी लात घूसों से जम कर पीटा।

जेल की उच्च सुरक्षा बैरक के पास जमीन में दबा रखे थे तीन मोबाइल फोन

अयोध्या कार्यालय

- **चार बंदियों के खिलाफ रिपोर्ट तीन बंदी रक्षक निलंबित**

अमृत विचार: जिला कारागार प्रशासन को उच्च सुरक्षा बैरक के पास जमीन में दबा कर रखा तीन मोबाइल फोन मिला है। प्रकरण में कारागार प्रशासन ने उच्च सुरक्षा बैरक के चार बंदियों के खिलाफ नगर कोतवाली में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। साथ ही लापरवाही बरतने के आरोप में तीन बंदी रक्षकों को निलंबित कर दिया है।

कारागार परिसर से मोबाइल का इस्तेमाल किए जाने की शिकायत और सूचना को लेकर एसएसपी जेल उदय प्रताप मिश्र ने स्टाफ के साथ उच्च सुरक्षा कक्ष में निरुद्ध बंदियों और उनके सामान की आकस्मिक तलाशी कराई। तलाशी के बाद कक्ष के अहाते स्थित विद्युत पोल के सपोर्ट तार के पास खुदाई कराई तो लगभग डेढ़ फिट गहरे गड्ढे में एक पॉलीथिन बैग में लिपटे हुये बिना सिम के तीन कीपैड मोबाइल फोन बरामद हुए। कारागार प्रशासन की छानबीन और पूछताछ में पता चला कि इन मोबाइलों का इस्तेमाल उच्च सुरक्षा कक्ष में निरुद्धबन्दी अंकित अग्रहरी निवासी लोहरी धनपतगज थाना-कूड़ेभार जिला-सुलतानपुर, सचिन जायसवाल निवासी देवरिया बारुन बाजार, थाना-इनायतनगर, अयोध्या, श्याम यादव निवासी खुर्दाबाद साहबगंज, कोतवाली नगर अयोध्या व अनूप भाटी निवासी साकीपुर थाना-सूरजपुर, जिला-गौतमबुद्धनगर की ओर से किया जा रहा है।

पंतनगर एयरपोर्ट की विस्तारीकरण प्रक्रिया तेज करने के निर्देश

पंतनगर, अमृत विचार: मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने पंतनगर एयरपोर्ट विस्तारीकरण तेज करने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को देहरादून सचिवालय में पंतनगर एयंरपोर्ट विस्तारीकरण की उच्चाधिकार प्राप्त समिति (एचपीसी) की बैठक के दौरान मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने उत्तराखंड बीज एवं तराई विकास निगम, पंतनगर विश्वविद्यालय, लोक निर्माण विभाग, सिडकुल, कृषि विभाग व तराई स्टेट फार्म को अपनी परिसम्पतियों का आंकलन कर शासन को भेजने के निर्देश दिए हैं। सीएस राधा रतूड़ी ने कहा कि पंतनगर एयरपोर्ट का विस्तार कर उसे अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाना राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में है।

चिंता 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा तापमान, जलवायु परिवर्तन, बारिश व बर्फबारी नहीं होने से प्राकृतिक जल स्रोत सूखने की कगार पर पहुंचे

सरोवर नगरी में भी चलने लगे पंखे, खतरे में दिख रहा भविष्य

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : जून में पहली बार तापमान में बढ़ोतरी से गर्मी का काफी अहसास होने लगा है। बीते दो सप्ताह से नगर में 32 से 34 डिग्री तक पहुंचे तापमान से पंखों का सहारा लेना पड़ रहा है। वनाग्नि व जलवायु परिवर्तन के चलते नैनीताल में पहली बार तापमान 34 डिग्री तक पहुंचा है, जिसके चलते नैनीताल में भी अब गर्मी से राहत पाने को पंखों का सहारा लेना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नैनीताल के इतिहास में पहली बार गर्मी का अहसास हुआ है, जबकि यहां पर वर्ष पर गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ता था लेकिन पहली बार पंखों का सहारा लेना पड़ रहा है। अगर ऐसा ही रहा तो जल्द ही कूलर व ऐसी की जरूरत भी पड़ने लगेगी, जो कि नैनीताल के भविष्य के लिए चिंताजनक है। ग्रीष्म सीजन के दौरान हर वर्ष लाखों की संख्या में देश ही नहीं बल्कि विदेशों से भी लाखों की संख्या में सैलानी गर्मी से राहत पाने के लिए पहुचंते हैं, लेकिन अब नैनीताल में भी शहरों की तरह ही गर्मी पड़ने लगी है और बीते कुछ वर्षों से बर्फबारी भी नहीं हो रही है, तो ऐसे में स्वाभाविक है आने वाले समय में नैनीताल से लोग मुंह मोड़ना शुरू कर देंगे। बता दें कि जलवायु परिवर्तन बारिश व बर्फबारी नहीं होने से प्राकृतिक जल स्रोत सूखने के कगार पर पहुंच चुके हैं तथा नैनीताल की पहचान नैनीझील का जलस्तर भी लगातार गिरता जा रहा है। मौसम के जानकारों का कहना है कि वाहनों की अत्यधिक वृद्धि से कार्बनिक कणों की मात्रा पर्वतीय क्षेत्रियों में बढ़ गई है।

नैनीताल झील के चारों ओर भवनों का दबाव बढ़ गया है। ● अमृत विचार

पर्यटक नैनीझील में उतरकर गर्मी से पा रहे राहत

नैनीताल : नैनीताल में तापमान 34 डिग्री सेल्सियस पहुंचने के चलते अब पर्यटक भी गर्मी से परेशान होने लगे हैं। पर्यटक झील के पानी में खेलकर मस्ती कर रहे हैं। बता दें कि इस वर्ष नैनीताल में भी भीषण गर्मी महसूस की जा रही है। मैदानी क्षेत्र से ठंड की तलाश में नैनीताल पहुंचने वाले पर्यटक भी यहां की गर्मी से परेशान हैं। नैनीताल के जीआईसी स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के प्रभारी नवीन चंद्र धूसिया ने बताया कि सोमवार को नैनीताल का अधिकतम तापमान 34 व न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट बदली

मंगलवार सुबह चटक धूप थी और दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट बदली और आसमान में बादल छाने लगे। तामपान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम केंद्र जीआईसी के अनुसार नगर में अधिकतम तापमान 32 डिग्री तो वहीं न्यूनतम 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पहली बार तापमान में आई गिरावट से लोगों ने राहत की सांस ली।

कार्यालय ग्राम पंचायत हसनपुर, वि0ख0 सालारपुर (बदायूँ)

पत्रांकः-11/पं0सहा0/चयन/2024 दिनांक 10 जून 2024

" पंचायत सहायक भर्ती विज्ञप्ति"

पंचायती राज विभाग, उ0प्र0 लखनऊ के शासनादेश संख्या 6/855/2024 -6-203/ 2023-24 दिनांक 07.06.2024 के द्वारा निर्देश दिये गये हैं कि शासनादेश संख्या 269/33-3-2024 दिनांक 15.03.2024 के अन्तर्गत पंचायत सहायक / एकाउण्टेट - कम - डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के पद पर चयन हेतु दिनांक 15.06.2024 से 30.06.2024 तक आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

आवेदक उक्तानुसार अवधि दिनांक 15.06.2024 से 30.06.2024 तक अपने आवेदन जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय, बदायूँ खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय सालारपुर एवं ग्राम पंचायत कार्यालय, हसनपुर में व्यक्तिगत रूप से अथवा रजिस्टर्ड डाक से उपलब्ध करा सकते हैं।

पंचायत सहायक / एकाउण्टेण्ट - कम - डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के पद पर चयन प्रक्रिया शानादेश संख्या42/2021/1235/33-3-2021 / 989 दिनांक 25.07.2021 के अनुरूप होगा, जिसके अुसार पंचायत सहायक / एकाउण्टेट - कम - डाटा इन्ट्री ऑपरेटर की **शैक्षिक अर्हता निम्नवत् है:-**

1. पंचायत सहायक / एकाउण्टेण्ट - कम - डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण या राज्य सकरकार द्वारा इसके समक्ष मान्यता प्राप्त कोई अन्य अर्हता होगी।
2. पंचायत सहायक / एकाउण्टेण्ट - कम - डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के लिए न्यूनतम आयु चयन वर्ष की 01 जुलाई को 18 वर्ष तथा अधिकतम 40 वर्ष होगी। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग के लिए अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट दी जायेगी।
3. पंचायत सहायक / एकाउण्टेण्ट - कम - डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के पद लिए अभ्यर्थी उसी ग्राम पंचायत का निवासी होगा।

आरक्षण अर्हता निम्नवत है :-

पंचायत सहायक / एकाउण्टेण्ट - कम - डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के लिए आरक्षण की व्यवस्था इस प्रकार होगी कि पंचायत राज अधिनियम में दी गई व्यवस्था के अनुसार जो पंचायतें जिस श्रेणी के लिए आरक्षित है, उन पंचायतों में उसी आरक्षित श्रेणी के पंचायत सहायक का चयन किया जायेगा। ग्राम पंचायत हसनपुर में प्रधान पद अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। अतः ग्राम पंचाय हसनपुर में पंचायत सहायक / एकाउण्टेण्ट - कम - डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के लिए आरक्षण अनुसूचित जाति होगी। उक्तानुसार आवेदक निर्धारित समयावधि में अपने आवेदन पत्र उपलब्ध करायें, समयावधि व्यतीत हो जाने के उपरान्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होगा औरन ही उसपर विचार किया जायेगा।

सचिव
ग्राम पंचायत हसनपुर
वि0ख0 सालारपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत बनेई, वि0ख0 सालारपुर (बदायूँ)

पत्रांकः-05/पं0सहा0/चयन/2024 दिनांक 10 जून 2024

" पंचायत सहायक भर्ती विज्ञप्ति"

पंचायती राज विभाग, उ0प्र0 लखनऊ के शासनादेश संख्या 6/855/2024 -6-203/ 2023-24 दिनांक 07.06.2024 के द्वारा निर्देश दिये गये हैं कि शासनादेश संख्या 269/33-3-2024 दिनांक 15.03.2024 के अन्तर्गत पंचायत सहायक / एकाउण्टेट - कम - डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के पद पर चयन हेतु दिनांक 15.06.2024 से 30.06.2024 तक आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

आवेदक उक्तानुसार अवधि दिनांक 15.06.2024 से 30.06.2024 तक अपने आवेदन जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय, बदायूँ खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय सालारपुर एवं ग्राम पंचायत कार्यालय, बनेई में व्यक्तिगत रूप से अथवा रजिस्टर्ड डाक से उपलब्ध करा सकते हैं।

पंचायत सहायक / एकाउण्टेण्ट - कम - डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के पद पर चयन प्रक्रिया शानादेश संख्या 42/2021/1235/33-3-2021 / 989 दिनांक 25.07.2021 के अनुरूप होगा, जिसके अुसार पंचायत सहायक / एकाउण्टेट - कम - डाटा इन्ट्री ऑपरेटर की **शैक्षिक अर्हता निम्नवत् है:-**

1. पंचायत सहायक / एकाउण्टेण्ट - कम - डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण या राज्य सकरकार द्वारा इसके समक्ष मान्यता प्राप्त कोई अन्य अर्हता होगी।
2. पंचायत सहायक / एकाउण्टेण्ट - कम - डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के लिए न्यूनतम आयु चयन वर्ष की 01 जुलाई को 18 वर्ष तथा अधिकतम 40 वर्ष होगी। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग के लिए अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट दी जायेगी।
3. पंचायत सहायक / एकाउण्टेण्ट - कम - डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के पद लिए अभ्यर्थी उसी ग्राम पंचायत का निवासी होगा।

आरक्षण अर्हता निम्नवत है :-

पंचायत सहायक / एकाउण्टेण्ट - कम - डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के लिए आरक्षण की व्यवस्था इस प्रकार होगी कि पंचायत राज अधिनियम में दी गई व्यवस्था के अनुसार जो पंचायतें जिस श्रेणी के लिए आरक्षित है, उन पंचायतों में उसी आरक्षित श्रेणी के पंचायत सहायक का चयन किया जायेगा। ग्राम पंचायत बनेई में प्रधान पद महिला के लिए आरक्षित है। अतः ग्राम पंचायत बनेई में पंचायत सहायक / एकाउण्टेण्ट - कम - डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के लिए आरक्षण महिला होगा। उक्तानुसार आवेदक निर्धारित समयावधि में अपने आवेदन पत्र उपलब्ध करायें, समयावधि व्यतीत हो जाने के उपरान्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होगा औरन ही उस पर विचार किया जायेगा।

सचिव
ग्राम पंचायत बनेई
वि0ख0 सालारपुर

नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी में पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता,बहजोई

धोखाधड़ी

- **न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने शुरू की जांच**

अमृत विचारः लखनऊ की कंपनी में काम करने वाले युवक ने बहजोई कोतवाली क्षेत्र के पांच लोगों पर नौकरी के नाम पर लाखों रुपए ठगने के साथ ही धोखाधड़ी के आरोप लगाते हुए विशेष सीजीएम लखनऊ न्यायालय के आदेश पर बहजोई कोतवाली में मुकदमा दर्ज दर्ज कराया है।

बस्ती जिले के गांव गौहनिया के रहने वाले दिन दीनानाथ शर्मा ने बताया कि वह पिछले वर्ष गाजीपुर क्षेत्र के गणेशपुर स्थित एक कंपनी में बतौर कंप्यूटर ऑपरेटर काम करते थे। उनकी कंपनी के द्वारा संभल स्थित महिला कल्याण विभाग में भी एक कर्मचारी को आउटसोर्सिंग पर रखा गया था। जहां पर कभी-कभी उन्हें आना पड़ता था। इसी दौरान यहां के पांच लोगों ने मिलकर नौकरी के नाम पर साढे चार लाख रुपए ले लिए। नौकरी का ज्वाइनिंग लेटर देते समय 3 लाख 90 हजार देने का भी करार हुआ। 15 सितंबर 2023 को वह ज्वाइनिंग लेटर लेने आये तो उनके साथ मारपीट की गई। इस मामले में बहजोई पुलिस ने अदालत के आदेश पर अरविंद कुमार मौर्य निवासी चितौरा रोड बहजोई, रविंद्र कुमार अतरासी, मनवीर सिंह यादव कालोनी व अंकुर यादव के अलावा मंजू यादव के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सीओ बहजोई दीपक कुमार तिवारी ने बताया कि मामले में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कार्यालय ग्राम पंचायत खासपुर, सालारपुर, बदायूँ

पत्रांकः-455/पं0सहा0/चयन/2024 दिनांक 15 जून 2024

" पंचायत सहायक भर्ती विज्ञप्ति"

पंचायती राज विभाग, उ0प्र0 लखनऊ के शासनादेश संख्या 6/855/2024 -6-203/ 2023-24 दिनांक 07.06.2024 के द्वारा निर्देश दिये गये हैं कि शासनादेश संख्या 269/33-3-2024 दिनांक 15.03.2024 के अन्तर्गत पंचायत सहायक / एकाउण्टेट - कम - डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के पद पर चयन हेतु दिनांक 16.06.2024 से 30.06.2024 तक आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

आवेदक उक्तानुसार अवधि दिनांक 15.06.2024 से 30.06.2024 तक अपने आवेदन जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय, बदायूँ खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय सालारपुर एवं ग्राम पंचायत कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से अथवा रजिस्टर्ड डाके से उपलब्ध करा सकते हैं।

पंचायत सहायक / एकाउण्टेण्ट - कम - डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के पद पर चयन प्रक्रिया शासनादेश संख्या 42/2021/1235/33-3-2021 / 989 दिनांक 25.07.2021 के अनुरूप होगा, जिसके अुसार पंचायत सहायक / एकाउण्टेट - कम - डाटा इन्ट्री ऑपरेटर की **शैक्षिक अर्हता निम्नवत है :-**

1. पंचायत सहायक / एकाउण्टेण्ट - कम - डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण या राज्य सकरकार द्वारा इसके समक्ष मान्यता प्राप्त कोई अन्य अर्हता होगी।
2. पंचायत सहायक / एकाउण्टेण्ट - कम - डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के लिए न्यूनतम आयु चयन वर्ष की 01 जुलाई को 18 वर्ष तथा अधिकतम 40 वर्ष होगी। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग के लिए अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट दी जायेगी।
3. पंचायत सहायक / एकाउण्टेण्ट - कम - डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के पद लिए अभ्यर्थी उसी ग्राम पंचायत का निवासी होगा। **आरक्षण अर्हता ग्राम पंचायत खासपुर अनारक्षित निम्नवत है:-**

उक्तानुसार आवेदक निर्धारित समयावधि में अपने आवेदन पत्र उपलब्ध करायें, समयावधि व्यतीत हो जाने के उपरान्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होगा और न ही उसपर विचार किया जायेगा।

खण्ड विकास अधिकारी
सालारपुर, बदायूं

गर्मी में खूंखार हो रहे कुत्ते व बंदर, 200 से अधिक घायलों ने लगवाया टीका

चन्दौसी, अमृत विचार : भीषण गर्मी के चलते आवारा कुत्ते व बंदर खूंखार होते जा रहे हैं। इन्हें भरपेट भोजन उपलब्ध नहीं होने पर ये लोगों पर हमलाकर उन्हें घायल कर रहे हैं। सीएचसी में एंटीरेबीज इंजेक्शन लगवाने की कतार लग रही है। इसमें सबसे अधिक संख्या 4 से 10 वर्ष तक के बच्चों की है। कुत्ते गर्मी से राहत पाने के लिए नालियों में लेटे रहते हैं, तो बंदरों के झुंड गलियों में छांव में बैठे मिलते हैं। गर्मी से परेशान इन जानवरों को भरपेट भोजन भी नहीं मिल रहा है। जिससे ये इंसानों पर हमला कर उन्हें घायल कर रहे हैं। इनमें सबसे ज्यादा संख्या महिला व बच्चे की होती है। 20 दिन से सीएचसी में एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाने वालों की कतारें लग रही हैं। रोजाना 150 से 200 लोग रेबीज लगवाने पहुंच रहे हैं। मंगलवार को भी 200 से अधिक लोग रेबीज का टीका लगवाने सीएचसी पहुंचे।

कार्यालय ग्राम पंचायत मानपुर, विकासखंड शेरगढ़ बरेली

निविदा आमंत्रण सूचना

